खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, सोमवार 20 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 199 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### रोशनी के पर्व

**दीपावली के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद**

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

दीपावली पर्व के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 22 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा

-प्रबंधक

### पाकिस्तान व अफगानिस्तान सीजफायर पर राजी

**दोहा।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने 9 अक्टूबर से जारी संघर्ष को रोकने के लिए शनिवार को तत्काल सीजफायर पर सहमति जताई। इसका ऐलान कतर के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर किया। बयान के मुताबिक, कतर और तुर्किए की मध्यस्थता में दोहा में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बातचीत हुई। इसमें दोनों पक्षों ने तत्काल सीजफायर लागू करने पर सहमति जताई। साथ ही सीमा पर स्थायी शांति और स्थिरता लाने के लिए व्यवस्था बनाने पर भी बात हुई। बयान में कहा गया है कि दोनों देशों ने अगले कुछ दिनों में फालो-अप मीटिंग करने पर भी सहमति जताई है।

# देशभर में 8.82 लाख अदालती आदेश अधर में

## सुप्रीम कोर्ट ने जताई गहरी नाराजगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा निष्पादन याचिकाओं (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है।

जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इन्कार कर देता है, तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है, ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने की होती है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके, तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा। अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ, लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके। कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को जरूरी आंकड़े नहीं भेजे। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि रजिस्ट्रार जनरल दो हफ्तों में जवाब दें कि जानकारी क्यों नहीं दी गई। 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी हाईकोर्ट सर्कुलर जारी करें। निष्पादन याचिका छह महीने में निपटाई जाएं।



■ शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट से जवाब तलब किया

### 500 पेज की जमानत याचिका खारिज

**दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट बोली- यह बहुत बड़ी, इसे पढ़ने में कीमती वक्त लगेगा**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने रेप केस के एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी, आरोपी के वकील की तरफ से दायर याचिका 500 पेज की थी। कोर्ट ने कहा कि यह बहुत बड़ी और भारी-भरकम है।

एडिशनल सेशन जज रमेश कुमार द्वितीय ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि एक ही दस्तावेज पर दोबारा गौर करना संभव नहीं है, क्योंकि यह बहुत बड़ा है। कोर्ट ने वकील को याचिका को छोटा करने की सलाह दी और एक नई याचिका दायर करने की छूट दी। आरोपी के खिलाफ कल्याणपुरी पुलिस स्टेशन में रेप केस में मामला दर्ज किया गया था। एएसजे रमेश कुमार ने 17 अक्टूबर को आदेश दिया कि जमानत के दस्तावेज बहुत बड़े हैं। अदालत पर पुराने मामलों के निपटारे का बोझ है। आवेदक/अभियुक्त का आवेदन बहुत बड़ा और स्थूल होने के कारण खारिज किया जाता है और इसे पढ़ने में कोर्ट का कीमती समय खराब होगा।

# अयोध्या के नाम दर्ज हुए दो विश्व कीर्तिमान



अयोध्या, वार्ता

■ रामनगरी पहुंचे प्रभु श्रीराम, 26 लाख दीए जलाकर स्वागत

■ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ रिकॉर्ड

**प्रभु राजा** राम अयोध्या पहुंच गए। उनके आगमन पर पूरी अयोध्या रोशनी से नहा उठी। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26.11 लाख दीए जलाए गए।

ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर व कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नए कीर्तिमान की घोषणा की। यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है। दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ। गिनीज बुक की 75 सदस्यीय गणना टीम ने शनिवार को सरयू के 56 घाटों के दीए की गणना विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वॉलंटियर की मौजूदगी में की। दीए जलाने से पहले घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। दीए में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाया जाएगा। इससे स्वयंसेवकों को दीए प्रज्ज्वलित करने में आसानी हुई। हर घाट पर दीयों को प्रज्ज्वलित करने के लिए कैंडल, माचिस, डंडे लगे कैंडल और अन्य सामग्री घाट के अनुसार निर्धारित दीयों की संख्या के अनुपात में एक ही बार में समन्वयकों को बांट दी गई थी।

### अमेरिका में 'नो-किंग' प्रोटेस्ट, 70 लाख लोग जुटे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रविवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में देश के अलग-अलग शहरों में 2600 से ज्यादा रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों में करीब 70 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। इन प्रदर्शनों को नो किंग्स प्रोटेस्ट नाम दिया गया है।















## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश का दिवाली बयान सनातन विरोधी: बीजेपी

**लखनऊ।** अयोध्या में दीपोत्सव से पहले योगी सरकार को घेरते-घेरते अखिलेश यादव ने बड़ा बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया है, जिसके बाद बीजेपी उनपर खूब हमलावर है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इसे सनातन का अपमान करार दिया। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख पहले भी हिंदू रीति-रिवाज एवं आस्था से खिलवाड़ करते रहे हैं। अब उनके त्योहार पर भी टीका टिप्पणी करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ जहां समस्त देशवासी दिवाली के पावन अवसर पर हर्षोल्लास के साथ स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी कर उत्सव मना रहे हैं, वहीं सपा प्रमुख इसको पैसों की बर्बादी बता रहे हैं। उनका बयान साफ दर्शाता है कि आप सनातन धर्म और संस्कृति के कट्टर विरोधी हैं, लेकिन भाजपा हिंदू धर्म और उनकी पवित्र आस्था के लिए हमेशा सजग और तत्पर है।

### अब्दुल्ला के बयान पर ओवैसी का पलटवार

**श्रीनगर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य का दर्जा बहाल होने के बाद वह जन सुरक्षा कानून लागू करेंगे। ओवैसी ने कहा कि 1978 से लेकर अब तक जम्मू-कश्मीर में आए सभी मुख्यमंत्रियों के पास इस कानून को निरस्त करने की शक्ति थी, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया।

# उप्र में मिलावटखोरों पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ दीपावली विशेष अभियान के तहत आठ करोड़ की मिलावटी सामग्री जब्त

**लखनऊ।** उप्र में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) द्वारा आठ से 17 अक्टूबर तक चलाए गए 'दीपावली विशेष अभियान' के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में निरंतर निरीक्षण और छापेमारी में लगभग आठ करोड़ मूल्य की मिलावटी और नुकसानदेह खाद्य सामग्री जब्त कर उसे नष्ट कर दिया गया।

दीपावली के पर्व पर स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ सघन अभियान चला कर मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। योगी सरकार का स्पष्ट मानना है कि दीपावली का पर्व केवल रोशनी और उत्सव का प्रतीक नहीं, बल्कि शुद्धता, पारदर्शिता और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा का प्रतीक भी होना चाहिए। इसी सोच के तहत मिलावट के खिलाफ यह अभियान शुरू किया गया, जो केवल त्योहारों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार का लक्ष्य मिलावट-मुक्त उप्र बनाना है, जिसके लिए जिला स्तर पर प्रवर्तन दलों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डा. रोशन जैकब के निर्देशन में चलाए गए इस प्रदेशव्यापी अभियान के दौरान 6075 निरीक्षण और 2740 छापेमारी कार्रवाइयां की गईं। विभागीय टीमों ने 3767 नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। कुल 3548 क्विंटल मिलावटी या संदिग्ध सामग्री जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 4.97 करोड़ आंकी गई, जबकि 1871 क्विंटल नुकसानदेह सामग्री को नष्ट कराया गया, जिसका मूल्य लगभग 2.89 करोड़ है। डा. जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए हैं। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि जनता के स्वास्थ्य से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं। इसी के तहत दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# जमीनी तैयारी तेज करें राज्य इकाइयां: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पार्टी संगठन को मज़बूत करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

मायावती ने विभिन्न राज्यों की इकाइयों से कहा कि वे जमीनी तैयारी तेज़ करें और सर्वसमाज में पार्टी की जनाधार बढ़ाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। रविवार को प्रदेश कार्यालय पर हुई आल इंडिया की बैठक में मायावती ने कहा कि देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, महिला असुरक्षा, जातिगत भेदभाव और भ्रष्टाचार ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। मायावती ने कहा कि सरकारों की संकीर्ण जातिवादी व राजनीतिक स्वार्थ की नीतियों से देश का स्वाभाविक विकास बाधित हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि जब तक दलितों, पिछड़ों और अन्य बहुजन समाज के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक समानता और स्वतंत्रता संभव नहीं। मायावती ने कहा कि बीएसपी का लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों को सत्ता की चाबी अपने हाथों में देकर सशक्त बनाना है। यह तभी संभव है, जब वोट की शक्ति को संगठित किया जाए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से गांव-गांव, मोहल्लों और शहरों में जाकर लोगों से सीधा संवाद बढ़ाने और संगठन को जनाधार तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में डा. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि बीएसपी की स्थापना सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए की गई थी। यही वह मार्ग है, जिससे बाबा साहेब और कांशीराम जी का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि बीएसपी केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो समाज के सभी कमजोर वर्गों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए संघर्षरत है। हरियाणा में हुई अमानवीय जातिगत घटना का जिक्र करते हुए मायावती ने कहा कि ऐसे मामलों पर संवैधानिक संस्थाओं और सरकारों को संवेदनशील होकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से जातिवादी अत्याचार रोकने और न्याय व्यवस्था को मज़बूत करने की मांग की। मायावती ने कहा कि बीएसपी का उद्देश्य बहुजन समाज के करोड़ों लोगों को गरीबी और लाचारी से निकालकर उन्हें देने वाला नहीं, लेने वाला समाज बनाना है।

## अयोध्या से मुख्यमंत्री योगी ने भरी हुंकार

# जहां रामभक्तों पर चलीं गोलियां, हमने दीप जलाए

**अयोध्या।**



■ पांच सौ साल का सनातन संघर्ष हम नहीं भूल सकते, कांग्रेस ने कहा था कि राम तो है ही नहीं, राम तो मिथक हैं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला का दर्शन पूजन अर्चन कर राममंदिर परिसर में दीप प्रज्जवलित किया।

मुख्यमंत्री के साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और राममंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव मौजूद रहे। प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला राममंदिर पहुंचा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन किया। प्रथम तल पर स्थापित रामदरबार में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राममंदिर के मुख्य द्वार के सामने स्थित स्थल पर एक दीप प्रज्वलित कर प्रभु श्रीराम का स्मरण किया। श्रीराम के राज्याभिषेक समारोह के लिए राज दरबार की थीम पर रामकथा पार्क सज-धजकर तैयार है। योगी ने इस अवसर पर संतो को दीवाली का उपहार भी दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब दुनिया भर के सनातन धर्मावलंबी अयोध्या आ रहे हैं। भारत के अलग-अलग कोनों से लोग रामलला का दर्शन करने आ रहे हैं। आज अयोध्या में विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया। हम नहीं भूल सकते हैं कि कांग्रेस ने कहा था कि राम तो हैं ही नहीं। राम तो मिथक हैं। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान समाजवादी पार्टी के लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। उन्होंने गोली चलवाई थी हम दीप जला रहे हैं।

उन्होंने ताले लगवाए थे हम आस्था को आजाद कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर दीया हमें याद दिलाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता। सत्य की जीत ही नियति है और इसी जीत की नियति के साथ सनातन धर्म ने 500 सालों तक लगातार संघर्ष किया है। उन्हीं संघर्षों के परिणामस्वरूप अयोध्या में एक भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। अयोध्या में भव्य दीपोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। दीपोत्सव स्थल पर लगभग सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। अवध विश्वविद्यालय के करीब 35 हजार वॉलंटियर दीपकों में तेल और बाती डालने का काम कर रहे हैं। प्रभु श्रीराम की नगरी दीपों की रोशनी से नहाने को तैयार है, हर ओर उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

### अयोध्या का दीपोत्सव शुरू, जयवीर सिंह ने झाकियों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या का दिव्य भव्य दीपोत्सव शुरू हो गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित झाकियों को कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत महाविद्यालय से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। अयोध्या के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उनके साथ झाकियों को हरी झंडी दिखाई। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रथम पड़ाव पर प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित झाकियों का अभिनन्दन किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सिंह ने कहा कि दीपोत्सव प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन के अभिनन्दन का महापर्व है। लंका विजय के बाद प्रभु श्रीराम माता सीता भाई लक्ष्मण का स्वागत अयोध्या वासी पुष्पों की वर्षा कर करते हैं और शाम को दीपक जला कर अपनी खुशियों को प्रदर्शित करते हैं।

# 2027 में प्रजापति समाज के दीयों से जगमाएगी हर चौखट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बीजेपी सरकार छीन रही प्रजापतियों का हक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दीपावली के अवसर पर बड़ा संकल्प लेते हुए कहा कि 2027 की दिवाली पर पीडीए सरकार उप्र के प्रजापति समाज के करोड़ों रुपए के दीये खरीदेगी, ताकि उनकी आमदनी इतनी बढ़े कि उनके घरों में कई महीनों तक दिवाली का प्रकाश बना रहे।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आज की भाजपा सरकार दूर के तटीय राज्यों के लोगों को यह कार्य देकर उप्र के प्रजापति समाज का हक़ छीन रही है। हम चाहते हैं दीया भी उप्र का हो, बाती भी, तेल भी और रोशनी भी। भाजपा दीपोत्सव के ठेकों में उप्र के लोगों की उपेक्षा करके 'दीया तले अंधेरा' करने का पाप न करे। दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची दिवाली तभी होगी, जब उसका उजाला हर घर तक पहुंचे और प्रदेश का हर मेहनतकश परिवार उस प्रकाश में अपनी खुशियां देख सके। इससे पूर्व त्यौहार को लेकर अखिलेश यादव ने कहा था कि त्योहार परस्परता के प्रतीक होते हैं। किसी की माटी, किसी का दीया, किसी का सूत, किसी की बाती, किसी का तेल, किसी की खील, किसी का कपड़ा, किसी की सिलाई, किसी का खोआ, किसी की मिठाई, किसी का खिलौना, किसी का बताशा, किसी की फुलझड़ी, किसी का पटाखा सौहार्द बचा रहेगा तो त्योहार बचा रहेगा।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83952.17
निफ्टी 25709.00



सोना रु. 131000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 190000
प्रति किलो




# शिखर पर शेयर बाजार, तिमाही परिणामों पर निवेशकों की नजर

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह पहले दो दिन की गिरावट के बावजूद प्रमुख सूचकांकों में करीब 1.7 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी देखी गई और सप्ताहांत पर वे नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। आने वाले सप्ताह में कंपनियों के तिमाही परिणामों के साथ निवेशकों की नजर विदेशी कारकों, खासकर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर हुई प्रगति पर भी रहेगी।

व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वहां पहुंच चुका है। गत सप्ताह पहले दो दिन बाजार में गिरावट रही, जबकि आखिरी के तीन दिन तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के दौरान 1,451.37 अंक (1.76 प्रतिशत) की बढ़त में 83,952.17 अंक पर बंद हुआ। यह इसका दूसरा सबसे ऊंचा बंद भाव है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 424.50 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को रिकॉर्ड उच्चतम स्तर 25,709 अंक पर पहुंच गया। अमेरिका के



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस बयान से कि भारत ने रूस से तेल खरीद बंद करने का आश्वासन दिया है, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद बढ़ी है। इसके अलावा कंपनियों के मजबूत तिमाही परिणामों से भी निवेश धारणा मजबूत हुई है।

मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने कम विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.32 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.06 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों में साप्ताहिक तेजी और शेष आठ में गिरावट देखी गई। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 7.15 प्रतिशत चढ़ा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 5.61 फीसदी, अडानी पोर्ट्स में 4.97, बजाज फाइनेंस में 4.54, टाइटन में 4.08 और आईसीआईसीआई बैंक में 4.6 फीसदी की बढ़त रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 3.92 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 3.73 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.99, कोटक महिंद्रा बैंक का 2.60, ट्रेंट का 2.58, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.58, आईटीसी का 2.31 और एचडीएफसी बैंक का 2.20 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### एफपीआई ने अक्टूबर में पूंजी बाजार में लगाए 21,167 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 21,167 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। लगातार चार महीने की बिकवाली के बाद एफपीआई का रुख सकारात्मक रहा है। इससे पहले सितम्बर में उन्होंने 12,571 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। खास बात यह रही कि इस महीने इक्विटी में भी उनका निवेश तीन महीने बाद सकारात्मक हुआ है। इक्विटी में उन्होंने 6,480 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। डेट में एफपीआई ने 12,475 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया।

### छोटी दिवाली पर सोने-चांदी के दामों में भारी उछाल

**नई दिल्ली।** रविवार को छोटी दिवाली के मौके पर देशभर के सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। कुछ शहरों में तो सोने और चांदी ने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर को छू लिया है। खासकर 24 कैरेट सोने की कीमत ने1.31 लाख प्रति 10 ग्राम का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, चांदी 1.90 लाख प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। देश के महानगरों भोपाल और इंदौर में 24 कैरेट सोने का भाव 1,30,910 रहा, जबकि दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़ 1,31,010 रुपये, मुंबई, हैदराबाद, केरल और बेंगलुरु में 1,30,860 तथा चेन्नई में 1,30,910 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद में 1,72,000 रुपये प्रति किलो, भोपाल और इंदौर में 1,85,000, चेन्नई, हैदराबाद, मदुरै, केरल, विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम में 1,90,000 रुपये प्रति किलो रहा। सोने की शुद्धता को पहचानने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा हॉलमार्किंग की जाती है।

# गेहूं-चावल मजबूत, चीनी, दालें नरम, खाद्य तेलों में रही घटबढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में तेजी रही। गेहूं की कीमतों में भी मजबूती देखी गई। वहीं चीनी और दालों के भाव टूट गए, जबकि खाद्य तेलों में मिश्रित रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 60 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,834.21 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 11 रुपये महंगा होकर 2,860.50 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 3,312.81 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 74 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल में तीन रुपये की तेजी रही। मूंगफली तेल 90 रुपये और सोया तेल 85 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल की कीमत कमोबेश स्थिर रहा। वनस्पति की कीमत 63 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 55 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 23 रुपये और मूंग दाल की 25 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 110 रुपये और उड़द दाल 90 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। चीनी में भी 23 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7854.67 रुपये, मसूर काली 8089.33 रुपये, मूंग दाल 10084.04 रुपये, उड़द दाल 10365.18 रुपये, तुअर दाल 10415.53 रुपये प्रति क्विंटल।

# बिहार में महागठबंधन के झगड़े ने एनडीए की राह कर दी आसान!

## सीट बंटवारे को लेकर मची हुई है भारी खींचतान

**पटना।** बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर महाझगड़ा मचा हुआ है। जिस महागठबंधन ने कभी एकजुट होकर एनडीए के खिलाफ चुनाव लड़ने का वादा किया था, आज वही अब राजनीतिक गलियारे में उनका मजाक बनना शुरू हो गया है।

पहल चरण के लिए वोटिंग की तारीख नजदीक आते ही महागठबंधन में एनडीए से नहीं, बल्कि अपने गठबंधन में शामिल पार्टियों के खिलाफ उम्मीदवार उतारने शुरू कर दिए हैं। ऐसी संभावना है कि महागठबंध में शुरू हुई ये रेस एनडीए को फायदा पहुंचा सकती है। क्योंकि 10 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों के बीच लगभग दोस्ताना मुकाबले हो रहे हैं। जो इंडिया गठबंधन को हार की ओर लेकर जा सकते हैं। सीट बंटवारे से नाराज राजद, कांग्रेस और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता जिन-जिन सीटों पर दोस्ताना मुकाबले कर रहे हैं, एनडीए की रफ्तार को धार मिलना तय माना जा रहा है। वैशाली, तारापुर, कुटुम्बा और अन्य प्रमुख सीटों पर राजद उम्मीदवार कांग्रेस और वीआईपी उम्मीदवारों के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं।

कांग्रेस ने जहां पहले चरण में 48 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी, वहीं गठबंधन में शामिल दूसरे दल ऐसा करने में असफल रहे। सीट बंटवारे को लेकर अभी राजद के तेजस्वी यादव और अन्य नेताओं के बीच लगातार बातचीत जारी है, लेकिन नतीजा अभी साफ नहीं हुआ है। वहीं दूसरी तरफ वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने भी चुनाव लड़ने से मना कर दिया और वो अब सिर्फ अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करते हुए नजर आएंगे। मुकेश साहनी ने पहले ही महागठबंधन छोड़ने का फैसला कर लिया था, क्योंकि राजद उनकी मांगों को मानने को तैयार नहीं था। बाद में भाकपा-माले के दीपांकर भट्टाचार्य ने राहुल गांधी से फोन पर बात करके मुकेश सहनी को शांत कराया।

# यूपी रोडवेज का दिवाली-छठ पर्व का तोहफा

**लखनऊ, वार्ता**

■ हर घंटे मिलेगी बस, कर्मचारियों की एक्सट्रा काम पर इंटेसिंव

त्योहारों को देखते हुए यूपी सरकार ने 18 से 30 अक्टूबर तक इंसेंटिव पीरियड घोषित किया है। इसी के तहत यूपी रोडवेज ने अतिरिक्त बसें चलाने और भीड़ वाले रास्तों पर फ्रीक्वेंसी बढ़ाने का फैसला लिया है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर जैसे मार्गों पर विशेष सेवाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसके अलावा गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, आगरा और अलीगढ़ से कनेक्टिविटी भी मजबूत की जा रही है। मुरादाबाद जनपद त्योहारी सीजन में यात्रियों का प्रमुख ट्रांजिट पाइंट बनता है। सरकारी निर्देशों के मुताबिक यहां से लखनऊ सहित प्रमुख रूट्स पर यात्रियों की संख्या बढ़ने पर अतिरिक्त बसें संचालित की जाएंगी और लोड फैक्टर 60 प्रतिशत से ऊपर जाते ही तुरंत अतिरिक्त ट्रिप्स जोड़ने की व्यवस्था रहेगी। विभाग ने बस अड्डों पर डिजिटल टाइम-शेड्यूल, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और यात्री सहायता केंद्रों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। ड्राइवरों-कंडक्टरों के लिए प्रोत्साहन राशि भी तय की गई है, जिससे अतिरिक्त फेरों का संचालन सही तरीके से चलता रहे। क्षेत्रीय मांग के अनुसार देर रात तक संचालन का प्लान भी बनाया गया है। मुरादाबाद-उत्तराखंड कॉरिडोर, हल्द्वानी, काशीपुर, रामनगर रूट पर पर त्योहारों के दिनों में यात्रियों की अधिकता को देखते हुए रात तक सेवाएं बढ़ाने का विकल्प रखा गया है। सीमा से जुड़े जिलों में यह व्यवस्था भीड़ के अनुसार लागू की जाएगी, ताकि अंतिम समय में भी यात्रियों को सीट उपलब्ध हो सके। बता दें कि यूपीएसआरटीसी अतिरिक्त ट्रिप्स और भीड़ के अनुरूप शटलिंग से घंटे-घंटे की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। यात्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी रीयल-टाइम उपलब्धता देख सकते हैं। बुकिंग से पहले समय-सारिणी और सीट स्टेटस चेक करना यात्रियों के लिए फायदेमंद रहेगा।

### अनफिट बसें नहीं चलेंगी

यात्रियों की सुविधा के लिए सरकार ने साफ किया है कि इंसेंटिव पीरियड में अधिकतम फ्लीट ऑन-रोड रहेगी, अनफिट बसें नहीं चलेंगी। इस दौरान भीड़ बढ़ते ही अतिरिक्त सेवाएं बढ़ाई जाएंगी। इससे मुरादाबाद से लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, अयोध्या सहित प्रमुख रूट्स पर यात्रियों को जाने में आसानी होगी।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं





















































































# बंदरों का हमला, छत से गिरकर महिला की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव टंढ़ेड़ा मे छत पर गोबर के उपले बना रही महिला नूरनिसा पर बंदरों के झुण्ड ने हमला कर दिया। जिसमें महिला घायल हो गयी जान बचाकर भागने के दौरान फिसलने से वह छत से नीचे गिर गई। परिजन घायल को निजी चिकित्सक के पास ले गये, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंढेडा मे शुक्रवार को 72 वर्षीय महिला नूरनिसा अपने मकान की छत पर गोबर से उपले बना रही थी। अचानक छत पर आए बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया व उसके हाथ व दो जगह पीठ पर काट लिया। बंदरों से बचने के प्रयास मे वह छत से नीचे पहले छज्जे पर गिरी। फिर नीचे सड़क पर जा गिरी। गंभीर रूप से घायल नूरनिसा को निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। महिला की मौत से पति इदरीस, बेटे यामीन, शौकीन, रईस, वकील व बेटियां शकीला, वकीला, हसीबा का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस चौकी के पास से तीमारदार की बाइक चोरी

**बुढ़ाना।** किसी अज्ञात चोर ने मौका पाकर पुलिस चौकी के समीप स्थित एक हस्पताल के बाहर खडी हुई एक तीमारदार की बाइक चोरी कर पुलिस में हड़कंप मचा दिया। बुढ़ाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीमारदार से घटना की जानकारी लेकर अज्ञात चोर की तलाश शुरु कर दी है। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी आशु सैफी पुत्र अली हसन ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि आज रविवार की दोपहर लगभग 12 बजे वह स्पलेंडर बाइक पर बैठकर बुढ़ाना पुलिस चौकी के पास स्थित लाईफ केयर सैन्टर हस्पताल में किसी मरीज से मिलने आया था।

वह अपनी मोटर साईकिल हस्पताल के बहार खड़ी करके मरीज से मिलने अन्दर चला गया। कुछ ही देर बाद जब वह हस्पताल से बाहर आया तो उसकी मोटर साईकिल वहां नही मिली। उसने अपनी मोटर साईकिल इधर उधर तलाश की लेकिन उसकी मोटर साईकिल कहीं पर नही मिली। उसकी मोटर साईकिल किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गयी है उसे ऐसा अंदेशा है। मोटर साइकिल चोरी होने की घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरे खंगालकर हस्पताल के आनर डाक्टर वाजिद से घटना की जानकारी ली। तहरीर मिलते ही पुलिस ने अज्ञात चोर की तलाश शुरु कर दीध्है।

# किन्नर समाज में बढ़ा विवाद, रेखा रानी ने लगाया हत्या की सुपारी देने का आरोप



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सठेड़ी में गद्दी की विरासत और उससे जुड़ी संपत्ति को लेकर किन्नर समाज में वर्चस्व की जंग तेज़ हो गई है। खतौली के ढाकन चौक निवासी रेखा रानी किन्नर ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा है कि गद्दी पर कब्जा करने की नीयत से कुछ किन्नरों ने उसकी हत्या की सुपारी तक दे डाली है।

खतौली ढाकन चौक निवासी रेखा रानी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुज़फ्फरनगर के एसएसपी से अपनी और अपने साथियों की सुरक्षा की गुहार लगाई है।रेखा के अनुसार, मुज़फ्फरनगर निवासी कई किन्नर रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सठेड़ी स्थित गद्दी और उससे जुड़ी संपत्ति पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर ये लोग उसके साथ गाली-गलौज, धमकी और मारपीट करते हैं।आरोप है कि विरोधी गुट ने उसकी हत्या की सुपारी देकर अपने साथियों से कहा कि वे रेखा को हजिंदा या मुर्दा बोरी में बंद करके लाएं।हरेखा का यह भी कहना है कि साजिशकर्ता उसकी हत्या कर लाश का अंगूठा लगवाकर सठेड़ी की संपत्ति अपने नाम करने की योजना बना रहे हैं।पीड़िता ने कहा कि उसे किसी भी समय जान का खतरा हो सकता है। वहीं, रेखा रानी के समर्थकों का कहना है कि विरा. ेधी गुट किसी भी कीमत पर सठेड़ी गद्दी और संपत्ति पर कब्जा जमाना चाहता है। इस पूरे मामले में रेखा रानी किन्नर ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर न्याय और सुरक्षा की मांग की है।

# मिशन शक्ति-एंटी रोमियों ने महिलाओं को किया जागरूक

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाए गए मिशन शक्ति फेज 0.5 और एंटी रोमियो अभियान के तहत फुगाना थाना क्षेत्र में रविवार के दिन बसों में यात्रा कर रही महिलाओं को जागरुक किया गया।

कार्यक्रम फुगाना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। आसपास और दूर दराज विभिन्न गांवों से आई महिलाओं, लड़कियों और बच्चों को आत्मरक्षा एवं आत्म सम्मान के गुण बताए गए। इस दौरान महिला पुलिसकमह्न ही मौजूद रही। महिला कांस्टेबल ने महिलाओं को अपनी सुरक्षा के बारे में विस्तार से समझाया। उन्हें नारी शक्ति सशक्तिकरण से संबंधित पंप्लेट वितरित किए गये। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को आत्म निर्भर बनाना और उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश



शर्मा ने भी उपस्थित सभी महिलाओं को सुरक्षा का आश्वासन दिया इसके साथ ही क्षेत्र में एंटी रोमियो चेकिंग अभियान चलाया। महिलाओं ने इस पहल को ध्यान से सुना और समझा तथा अन्य महिलाओं को भी इसके बारे में बताया।

# ईदगाह तिराहा की सुधरी दशा, मंत्री व चेयरपर्सन ने किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पालिका परिषद के वार्ड संख्या 11 में स्थित ईदगाह तिराहा प्रेमपुरी पर नवनिर्मित पार्क का विधिवत उद्घाटन किया। समारोह में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के साथ इस पार्क का उद्घाटन करते हुए कहा कि वह इस नगर के विधायक हैं और राज्य सरकार में उन्हें मंत्री का दर्जा प्राप्त है। वे नगर की समस्याओं से पूरी तरह अवगत हैं और उन्हें हल करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पिछले 40 वर्षों से जो गंदगी और अव्यवस्था थी, उसे अब हटाया जा चुका है, और अब इस नगर के सौंदर्यकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के सहयोग की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि वह भी इस अभियान में उनका साथ देंगी। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि आने वाले समय में नगर में कई और विकास कार्य किए जाएंगे। इनमें रामलीला टीले पर नाले का पुनर्निर्माण, प्रेमपुरी में गांधी पार्क का पुनर्निर्माण और कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मुजफ्फरनगर आमंत्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने की।

उन्होंने इस कार्य में क्षेत्रीय सभासद प्रशांत चौधरी और उनके पिता जयवीर सिंह चौधरी का योगदान विशेष रूप से सराहा। मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि अन्य सभासदों के सहयोग से इस पार्क और तिराहे का निर्माण संभव हो पाया है और अब यह क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित किया जा रहा है। नगर के सौंदर्यकरण व विकास के इस अभियान में आप सभी का सहयोग एवं सहभागिता सराहनीय है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम मिलकर अपने मुज़फ्फरनगर को और स्वच्छ, सुंदर व विकसित बनाने में सकारात्मक विचारधारा के साथ काम करें। इस दौरान सभासद मोहित मलिक, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, योगेश मित्तल, व्यापारी दिनेश बंसल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक मित्तल, नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता कपिल कुमार, ठेकेदार रोबिन गोयल, रजनीश गोयल, सुधीर जैन मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर:दीपावली की तैयारी के लिए खरीदारी करती महिलाएं।

## पुलिस ने वाहन व संदिग्ध लोगों की तलाशी ली

**फुगाना।** थाना फुगाना पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के साथ साथ शराब के ठेकों के आसपास संदिग्ध व्यक्ति की भी चेकिंग की गयी। त्योहारों को देखते हुए फुगाना पुलिस द्वारा गांवो में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार की देर रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने असामाजिक तत्वों की तलाश और संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग और नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान पुलिस ने क्षेत्रवार अभियान चलाकर सघन जांच की। त्योहारों के चलते असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। इसके तहत पुलिस ने बाइक पर तीन सवारियों के चलने वालों को कड़ी चेतावनी दी।

# भगवंत ग्रुप के चेयरमैन ने किया फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मीरापुर।** खेल भावना और युवा ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से माँ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय द्वारा भगवंत कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक दिवसीय अंतरमहाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) का आयोजन 18 अक्टूबर 2025 को किया गया। यह प्रतियोगिता प्रात: 10 बजे से भगवंत कॉलेज ऑफ एजुकेशन के स्पोर्ट्स ग्राउंड में प्रारंभ हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने फीता काटकर खेलों का शुभारंभ किया इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ अनुराग विजय अग्रवाल, सह निदेशक डॉ पुष्पनील वर्मा, फाइनेंस ऑफिसर सी0ए0 दुष्यंत कुमार डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ आदित्य शर्मा, डीन अजय सिंह, कार्यक्रम संयोजक डॉ कावेन्द्र यादव ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर नमन किया। फुटबाल मैच के आयोजन से पूर्व संस्थान के चौयरमैन डॉ अनिल सिंह ने सभी प्रतिभागियों से परिचय कर खेलों की महत्ता पर प्रकाश डाला। और सभी प्रतिभागियों की जीत की अग्रिम बधाई देकर उनमें ऊर्जा का संचार किया। माँ ब्विविद्यालय द्वारा नामित चयन समिति के सदस्य प्रोफेसर डॉ अजीज ने भगवन्त कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भगवन्त इंस्टीटड्ूट ऑफ टेक्नोलॉजी, श्री राम कॉलेज, एस. डी. कॉलेज, गोचर महाविद्यालय, आशाराम कॉलेज आदि के सभी प्रतिभागियों का ट्रायल लिया। इस अवसर पर भगवन्त कॉलेज ऑफ एजुकेशन के क्रीड़ा अधिकारी डॉ कावेन्द्र कुमार, सह क्रीड़ा अधिकारी तनुष देओल, दिव्य सिंह, रैफरी शिवम राणा आदि उपस्थित रहे। कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. कावेन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण की भावना को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि भगवंत कॉलेज सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है, और यह आयोजन उसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। ह्उद्यमेन हि सि)्यन्ति कार्याणि न मनोरथै:ह्न के आदर्श वाक्य को सार्थक करते हुए भगवंत कॉलेज ऑफ एजुकेशन युवाओं को यह संदेश देना चाहता है कि सफलता केवल प्रयासों से ही संभव है, इच्छाओं से नहीं।



मीरांपुर:फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

# लुहसाना में भाकियूअ ने किया संगठन विस्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव लुहसाना में आज रविवार को दोपहर के बाद ओमपाल सिंह के आवास पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक आवश्यक मीटिंग का सफल आयोजन किया गया।

जिसमें गांव लुहसाना के संजीव सैनी को मीटिंग में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की सर्व सहमति से लुहसाना गांव का ग्राम अध्यक्ष बनाते हुए उनको हाथों हाथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया।

यह नियुक्ति वैसे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पंवार के द्वारा की गयी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से तहसील उपाध्यक्ष रणवीर बालियान, प्रताप सिंह, राम सुमन, संजय कुमार और मोनू सहित अन्य कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। यहां पर संगठन को भी मजबूत बनाने पर बल दिया गया और नये ग्राम अध्यक्ष संजीव सैनी को 10 दिन के भीतर भीतर गांव लुहसाना की पूरी कार्यकारिणी बनाने के भी निर्देश दिए।

# नगराध्यक्ष पद ज्यूं का त्यूं रहने पर बंटी मिठाई

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष ताज जिया नम्बरदार सपा नगर अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। इसी खुशी में उनके लुहसाना रोड स्थित आवास पर उनके सैंकडों समर्थकों ने हर्ष व्यक्त कर मिष्ठान वितरित किया। सपा नगराध्यक्ष के पद पर जो खतरा मंडरा रहा था वह दूर हो गया है। सपा नगर अध्यक्ष ताज जिया नम्बरदार ने बताया कि 3 दिन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के सब नगर अध्यक्ष हटा दिए थे लेकिन जिलाध्यक्ष जिया चौधरी के प्रयास से वे अब पूर्व नहीं रहे बल्कि उन्हें इसी पद पर बने रहने के निर्देश मिल गये हैं। इसी खुशी में आज उनके आवास पर मिठाई बांटी गयी। में 25 साल से सपा में ही हूं अब और भी ज्यादा सक्रिय हो गया हूं। अब मुझे हाईकमान से जो आदेश मिलेगा वह मेरे लिए सर्वमान्य होगा। उन्होंने कहा कि यहां कस्बे में कोई गुटबंदी नहीं है और जो नाराज हैं उनको मना लिया जाएगा।



इस बार यूपी के सीएम अखिलेश यादव ही बनेंगे। उन्होंने कार्यकारिणी बना ली है जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। यहां शजाऊद्दीन तोमर, याकूब राणा, आमिर खान, अय्यूब सैफी, हाजी इस्तेखार सिद्दीकी, युसूफ जिया, महबूब मंसूरी, अमीर जिया, हनी नम्बरदार, असगर कस्सार, हाजी यासीन मंसूरी, वली उस्मान, अनस नम्बरदार, मोबीन मसूदी, अजीम सिद्दीकी, नौशाद काला, कलीम उस्मानी, शाहआलम उस्मानी, अमित जैन, मन्नू कुरैशी इंतजार शेख, शहजाद काजी, हाजी अब्दुल गफ्फार सैफी, शहजाद सलमानी आदि कार्यकर्ता मोजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**मीरापुर।** दिल्ली पौडी राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, मवाना के मिल रोड निवासी सुनील पुत्र अतर सिंह अपनी बाइक से बिजनौर की ओर जा रहा था। जब वह मीरापुर क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी के निकट पहुंचा, तभी विप. रीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुनील सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल को उठाकर नजदीकी चिकित्सक के पास उपचार के लिए भर्ती कराया। वहीं, दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

# लायंस क्लब उन्नति ने मनाया भव्य दीपावली उत्सव

**मुजफ्फरनगर।** लायंस क्लब उन्नति द्वारा मेरठ रोड स्थित मूलचंद रिज़ॉर्ट में भव्य दीपावली उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर क्लब के अनेक परिवारों ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कैसिनो थीम पर आधारित मनोरंजक खेल रहे, जिन्हें लायन मनीष बंसल द्धज़ोन चेयरपर्सनत्र्ञ और लायन अर्चना जैन ने अपने अनूठे अंदाज़ में संचालित किया। क्लब के सदस्यों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर भरपूर मनोरंजन का आनंद उठाया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन अमित मित्तल ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। वहीं लायन अजय अग्रवाल द्धचीफ़ डिस्ट्रिक्ट एम्बेसडरत्र्ञ ने हाल ही में हुई डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड सेरेमनी में क्लब द्वारा प्राप्त किए गए अनेक पुरस्कारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत वर्ष क्लब को कई सम्मान प्राप्त हुए, जिनमें बेस्ट क्लब ऑफ़ द डिस्ट्रिक्ट का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रमुख रहा। कार्यक्रम के दौरान मेगा प्राइज भी निकाला गया, जिसके लायन महेश जिंदल विजेता रहे।

इस अनूठी और यादगार बैठक में लायन रीना अग्रवाल (डिस्ट्रिक्ट पदा. धिकारी), डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल कंसल, उद्योगपति पूर्व अध्यक्ष लायन अमित गर्ग, लायन अतुल एरन, लायन मनीष जैन, लायन आलोक गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष लायन निखिल मित्तल, लायन मुकुल गोयल, लायन राजेश मित्तल, लायन उमंग कंसल, लायन मुकुल गुप्ता, लायन डॉ. प्रवेश कुमार, लायन रोहित सिंघल, लायन नितिन गोयल, लायन दिनेश गर्ग, लायन पंकज अग्रवाल, लायन



राजीव माहेश्वरी, लायन विशाल अग्रवाल, लायन महेश जिंदल, लायन अनिल गुप्ता, लायन रेनू गुप्ता, लायन प्रतिभा बंसल, लायन वंदना मित्तल, लायन रूमा अग्रवाल, लायन शिवांगी गर्ग, लायन तनुजा एरन, लायन लेडीज़ अनूराधा मित्तल, रुचि मित्तल, निधि अग्रवाल, नेहा कंसल, शालू मित्तल, गरिमा अग्रवाल, अनुपमा कर्णवाल, हेमलता माह्श्वेरी, पूजा सिंघल, प्रगति गोयल, अनीता जिंदल, नेहा गर्ग, सुनीता कंसल सहित अनेक सदस्य एवं लेडी लायंस उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन पर क्लब सदस्यों ने रंग-बिरंगी आतिशबाज़ी की और आसमान में आकर्षक लैटर्न्स उड़ाकर एवं फूल छड़ी, अनार छुड़ा कर दीपावली की उजली आभा को और निखार दिया।

इसके पश्चात सभी सदस्यों ने रात्रिभोज का आनंद लिया। अंत में क्लब की ओर से सभी उपस्थित सदस्यों को दीपावली उपहार भी प्रदान किए गए।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को बांटे पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा में धनतेरस व दीपावली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। दीपावली पर्व के उपलक्ष में विद्यालय में सामान्य ज्ञान ओलंपियाड प्रतियोगिता के विज. ेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों में प्रथम स्थान पर अक्षी, द्वितीय स्थान पर कार्तिक शर्मा व तृतीय स्थान पर पूवह्न पवार रहे। सांत्वना पुरस्कार आरव चौधरी व उत्सव ने प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 तक के श्रेणी प्राप्त विद्यार्थी प्रथम स्थान पर देव गालियान, द्वितीय स्थान पर मानवी त्यागी व तृतीय स्थान पर कार्तिक रहे। सांत्वना पुरस्कार वंश मलिक, रियान जैदी व काव्या बालियान ने प्राप्त किया।कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों में प्रथम स्थान वर्णिका चौधरी व परीक्षित पंवार, तेजस्वी द्वितीय स्थान व आरोही तृतीय स्थान पर रहे।सांत्वना पुरस्कार विशांत व अंशिका ने प्राप्त किया।विजेता प्रतिभागियों को बड़े सम्मान के साथ भिन्न भिन्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने विद्यालय के विद्यार्थियों को व विद्यालय में सभी कार्यरत सदस्यों को धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन न केवल प्रकाश का त्यौहार है बल्कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी जी ने भी विद्यार्थियों को दीपावली के उपलक्ष में शुभकामनाएं देते हुए कहा कि



सभी जन समुदाय को रोशनी के महत्व को समझकर उसकी महत्ता को अपने जीवन में उतारकर एक प्रभावी व्यक्तित्व का निर्माण करना चाहिए। यह त्यौहार सुख, समृद्धि, बुराई पर अच्छाई की जीत को प्राथमिकता देता है।विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सुनीता सैनी व गुंजन तोमर ने भी विद्यार्थी को दीपावली के पर्व की उपयोगिता व सार्थकता के विषय में जानकारी दी, और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के चारो सदनों (गांधी सदन, कलम सदन, सुभाष सदन, टैगोर सदन) के विद्यार्थियों ने रंगोली का आयोजन कर दीपावली की विशेषताओं को अधिक महत्व दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त वेदांता परिवार का सहयोग रहा।

# जेपीएस पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव की रही धूम

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मोरना।** जे.पी.एस. पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर दीपों की रौशनी और खुशियों से जगमगा उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मोहिनी शर्मा, डायरेक्टर कृष्णकांत शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि सार्थक शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सरी से कक्षा दो तक वेषभूषा प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान व माता लक्ष्मी के रूप में आकर्षक प्रस्तुति दी। इसमें प्रथम स्थान ऋतुराज, अराध्या,



सान्वी, द्वितीय युग, चारु तथा तृतीय कृष्णा मिस्ट्री रहे।कक्षा आठवीं से बारहवीं तक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें रोज हाउस ने प्रथम, लिली हाउस ने द्वितीय और जैस्मिन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के संचालन व आयोजन में ख्रष्टि, प्रिया, स्वाती, दीपिका, सृष्टि, अपूर्वा, विनीता शर्मा, तोसीफ, अंश, शिवानी शर्मा सहित समस्त शिक्षकों व छात्रों का सहयोग रहा।

# बतीसा खाप के निर्माता बाबा जय सिंह की समाधि पर हवन यज्ञ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** बतीसा खाप के निर्माता बाबा जय सिंह की समाधि पर हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें खाप के गणमान्य लोगों ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर सामाजिक संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक एकता पर बल दिया।

कस्बे में बाबा जयसिंह धाम पर बाबा जयसिंह सेवा समिति द्वारा हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य यजमान समिति के अध्यक्ष ओमवीर सिंह रहे हवन यज्ञ पंडित मानसिंह शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया इस अवसर पर खाप के गणमान्य लोगों द्वारा खाप निर्माता बाबा जयसिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में बाबा जयसिंह द्वारा करीब ढाई सौ वर्ष पूर्व खाप का गठन कर सामाजिक एकता कायम करने वाले महान व्यक्तित्व के पद चिन्ह पर चलने का आ]वान किया गया तथा सामाजिक कुरीति जिसमें मृत्यु भोज को बंद करने ,दहेज प्रथा समाप्त करने तथा लड़की के मायके में माता पूजने में होने वाले अनावश्यक खर्च को बंद करने पर जोर दिया गया।खाप चौधरी शौकिन्द्र सिंह ने युवाओं में बढ़ते नशे पर रोक लगाने हेतु गांव स्तर पर कमेटी बनाकर युवाओं को नशे से दूर रखने की अपील की उन्होंने खाप की सभी बिरादरियों से समन्वय बना कर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का आ]वान किया। कार्यक्रम के आयोजन में समिति के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सुभाष, सचिव राम कुमार शास्त्री, संरक्षक हरबीर सिंह, देवेंद्र सिंह, मास्टर जसवीर ,सुनील कुमार, प्रमोद कुमार ,राजेश कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम में राला. ेद के पूर्व जिला अध्यक्ष ऋषि राज राझड, पूर्व अध्यक्ष बृजेश वशिष्ठ, रो. हतास प्रधान, अजय खाटियान, कपिल खाटियान, नरेश यारपुर, देव. राज पहलवान, प्रदीप चौधरी, अशोक कुमार,भास्कर चौधरी,रविंद्र मुंडेट, सुरेंद्र सिंह,सतेंद्र ब्रजपाल आदि शामिल रहे।

# क्षेत्र की प्रतिभा डिंपी सैनी का हुआ सम्मान, क्षेत्र का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के किसान, पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी देशपाल सैनी, राहुल सैनी व पुनीत सैनी निवासी रसीद गढ़ के प्रतिष्ठान चौधरी ताराचंद फार्म हाउस किसान कॉलेज के पास शनिवार के सायंकाल कांस्य पदक विजेता डिंपी सैनी का क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भव्य स्वागत कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में डिंपी सैनी के पहुंचने पर देशपाल सैनी राहुल सैनी ने उन्हें पगड़ी, पटका ओढ़ाकर एवं प्रभु राम की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान देशपाल सैनी ने कहा कि आज क्षेत्र की बेटियां मेहनत और लगन के बल पर समाज व प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। डिंपी सैनी ने पहले स्वर्ण पदक और अब कांस्य पदक जीतकर गांव व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया । डिंपी सैनी ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी समान महत्व दिया। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया और कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। उनका सपना है कि वे आगे बढ़कर देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन करें। विदित हो थाना भवन क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी की डिंपी सैनी ने उत्तर प्रदेश स्टेट वार्षिक नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप अंडर 16 शॉट शॉट पुट में शानदार पसंद करते कैसे पदक जीता 2 साल पहले से प्रतियोगिता में डिंपी चलेंगे रजत वह सावन पदक जीतकर गांव में अपने प्रदेश का मान बढ़ाया 2025 दिल्ली ओपन एथलेटिक्स चैंपियन में अधिकतरों में स्वर्ण पदक जीता था इस महीने पहले सितंबर 2024 में उत्तर प्रदेश ओपन चौंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करते दूसरों में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था 2025 में उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करते उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर आयोजित 40 मिनट जूनियर एथलेटिक्स चौंपियन में शानदार प्रदर्शन करते डिक्शरों में कश्यप पदक जीतकर अपने गांव क्षेत्र में प्रदेश का गौरव बढ़ाया सम्मान समारोह में धर्मपाल सैनी राकेश सैनी हिम्मत सनी नाथूराम सैनी सुमित सैनी प्रमोद सैनी डायरेक्टर देवेंद्र सैनी चौधरी धर्मेंद्र ठेकेदार पूर्ण सिंह जय सिंह चेयरमैन रविंद्र मास्टर सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद्, समाजसेवी व ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी करके ठगे गए 25 हजार रुपये वापस कराए

**कैराना।** युवक से पेटीएम का पिन पूछकर ऑनलाइन धोखाधड़ी करके ठगे गए 25 हजार रूपए कोतवाली पर संचालित साइबर सेवा केन्द्र के द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए वापिस कराए गए। विगत 14 अक्टूबर को मुबारिक निवासी ग्राम गंदराऊ के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने कॉल करके पेटीएम का पिन पूछकर धोखाधड़ी से ऑनलाइन 25 हजार रूपए ठग लिए थे। मामले के सम्बंध में पीड़ित ने कोतवाली पर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में अक्टूबर माह में मनाए जा रहे श्राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माहश के अंतर्गत साइबर जागरूकता एवं त्वरित निस्तारण अभियानों को गति प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में युवक के साथ हुई धोखाधड़ी के प्रकरण में संज्ञान लेते हुए कोतवाली कैराना पर संचालित साइबर सेवा केन्द्र द्वारा तत्परता से कार्यवाही की गई।

# दक्षिण मुखी हनुमान जी एवं जगन्नाथ भगवान को चोला किया अर्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सनातन शिव शक्ति हनुमान मंडल परिवार की ओर से कथा वाचक राज राजेश्वर महाराज के नेतृत्व में बाला जी धाम में दक्षिण मुखी हनुमान जी को सिंदूरी चोला अर्पण किया गया ।

जिसके मुख्य यजमान दीपक कुमार तायल सपरिवार रहे।तदोपरांत जगन्नाथ भगवान को उपेंद्र कुमार तायल के द्वारा परिवार सहित माता सुभद्रा,बलराम ,एवं भगवान जगन्नाथ जी को वस्त्र आभूषण पहना कर पूजन वंदन एवं हवन किया गया।इस अवसर पर दिव्य योगी राज राजेश्वर महाराज ने कहा आज के दिन कृष्ण के द्वारा नरकासुर नामक राक्षस का अंत किया। इसलिए इस त्यौहार को नरक चतुर्दशी के नाम से जाना जाता है। आज के दिन भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का दिव्य महोत्सव मनाया जाता है आज के दिन जो भगवान हनुमान जी की पूजा वंदन करता है उसको प्रभु राम की भक्ति एवं दुखों से मुक्ति मिलती है ।यह पवित्र दिन भगवान विष्णु और भगवान शिवदोनों को समर्पित है , इसीलिए इसे ष्हरि हर मिलनष्ठ्ठहरि और हर का मिलनऋ के नाम से भी जाना जाता है। एक लोकप्रिय कहानी में भगवान विष्णु का वर्णन है, जिनकी आंखों की तुलना कमल से की जाती है, जब भगवान शिव को अर्पित हजार कमल का प्रसाद पूरा करने के लिए हजारवां कमल गायब था, तो उन्होंने एक कमल तोड़ लिया। भक्ति के इस कार्य से शिव प्रसन्न हुए और उन्होंने विष्णु की आंख लौटा दी तथा उन्हें सुदर्शन चक्रभेंट किया । इस अवसर पर योगेश तायल, रवि तायल,अमित गर्ग, उपेंद्र तायल,वत्सल तायल ,अश्वनी,सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से मनाई गई छोटी दीपावली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को जनपदभर में छोटी दीपावली पर्व उल्लास और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाम होते ही घरों में दीप प्रज्वलित किए गए, रंग-बिरंगी लाइटों से सजे घरों और बाजारों ने पूरे शहर को रोशन कर दिया। लोगों ने आंगन में रंगोली बनाकर, दीप सजाकर तथा लक्ष्मी-गणेश की पूजा-अर्चना कर त्योहार का आनंद लिया। पूजा के उपरांत बच्चों और युवाओं ने आसमान को आतिशबाजी की चमक से जगमगा दिया।

दीवाली के त्योहार को लेकर लोगों का काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। युवा हो या फिर छोटे बच्चे सभी दीपावली के पर्व में मशगूल है। ऐसे में आमतौर पर दिवाली से एक दिन पहले छोटी दिवाली मनाई जाती है। छोटी दीवाली को यम दीवाली या नरक चतुर्दशी कहते हैं। इस दिन यम देवता के निमित्त घर के बाहर दक्षिण दिशा में एक दीप जलाया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। छोटी दीवाली पर भी घर में दिए जलाए जाते हैं। रविवार को जिलभर के छोटी दीवाली मनाई गई, जिससे बाजार छोटी दीवाली पर गुलजार रहे। शहर के मुख्य बाजारों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। जिसको लेकर बाजारों में भीड रही। खरीदारों के बाद लोगों ने अपने घरों को आकर्षक डिजाईनों व रंगबिरंगी लाईटों से सजाया। साज सज्जा द्वीप व झालरों से भी की गई। युवतियों ने अपने घरों के आंगन में रंगोली बनाई, जो शाम के समय दीयों से जगमगाती रही। शाम को घरों में लक्ष्मी गणेश की पूजा अर्चना की गई बाद में छोटे बच्चों व युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। मिठाईयों व पटाखों की दुकानों पर भी भारी भीड़ रही। छोटी दीपावली के मौके पर बाजार व शहर रंगबिरंगी लाइट्स से जगमग रहा। इसके अलावा पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने अपने आवास पर दीपावली पर्व मनाया। सरकारी आवास रंगबिरंगी लाईटों से जगमग दिखाई दिए। अधिकारियों ने जिलेभर के लोगों को दीपावली की शुभकामनाऐं दी।

## तीन दिवसीय पटाखा बाजार में खरीदारों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दीपावली त्योहार के मद्देनजर तीन दिवसीय पटाखा बाजार रविवार सुबह से शुरू हो गया है। छोटी दीपावली नरक चतुर्दशी पर पटाखों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रही। बच्चे परिजनों के साथ पटाखे खरीदने पहुंचे तो युवाओं ने भी देर शाम जमकर आतिशबाजी की। रविवार को शहर के भैसवाल रोड स्थित वीवी पीजी कालेज में जिला प्रशासन ने दीपावली के त्योहार के मद्देनजर पटाखा बाजार लगाने की अनुमति दी हैं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 20.10.2025 से 22.10.2025 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 20.10.2025 (सोमवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर एवं हरदोई |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | 08:20 | गया | 00:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया | 11:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कोसी कलां, मथुरा जं., आगरा कैंट, धौलपुर, ग्वालियर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जं., अतर्रा, चित्रकूट धाम, मानिकपुर जं., डभौरा एवं शंकरगढ़ |
| **दिनांक 21.10.2025 (मंगलवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02254 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिस अलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुल्तानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता. 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता. 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 03436 | आनन्द विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 05576 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी |
| 03222 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., अयोध्या धाम जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., पटना साहेब और फतुहा, बख्तियारपुर जं., हरनौत, वेना, बिहार शरीफ, पावापुरी रोड एवं नालन्दा |
| 02310 | आनन्द विहार (ट.) | 19:30 | राजेंद्रनगर (ट.) | 10:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. |
| **दिनांक 22.10.2025 (बुधवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 04404 | शकूरबस्ती | 15:15 | पटना जं. | 13:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04406 | शकूरबस्ती | 20:15 | सहरसा जं. | 05:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 04410 | शकूरबस्ती | 13:00 | झंझारपुर जं. | 18:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., सीतामढ़ी एवं शिशो |
| 04058 | नई दिल्ली | 13:30 | मुजफ्फरपुर जं. | 14:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर., सीवान जं., छपरा, सोनपुर एवं हाजीपुर जं. |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 05580 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल, गढ़ बरुआरी, सहरसा जं., दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज और बनमनखी जं. |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद | 13:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया | 11:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय-सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# आज मनाया जाएगा दीपावली का त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दीपों का पर्व दीपावली आज 20 अक्टूबर को सोमवती अमावस्या एवं स्व नक्षत्र में उच्च के वृहस्पति के अत्यंत शुभ संयोग के साथ पूर्ण हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा तथा प्रदोष काल में लक्ष्मी-गणेश का मुख्य पूजन कर सुख, शान्ति, समृद्धि की कामना कर आतिशवाज़ी किया जाएगा। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित केसी पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि पर्व का प्रारम्भ 20 अक्टूबर को सुबह 5.10 पर चंद्रोदय के साथ सूर्योदय तक रूप चौदस अभ्यंग स्नान के साथ होगा उसके बाद हनुमान ज़ी का पूजन व पितरों का पूजन कर अपरान्ह 3.45 बजे से अमावस्या तिथि लगते ही अलग अलग लग्न, चौाड़िया के अनुसार प्रतिष्ठान पूजन आरम्भ हो जाएगा अमावस्या तिथि 21अक्टूबर सायं 5.54 तक रहेगा निर्णय सिंधु ग्रंथ अनुसार कार्तिककृष्णचतुर्दश्यां प्रभाते चन्द्रोदये कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को प्रात:काल चन्द्रोदय अर्थात् - अभ्यंग स्नान में चन्द्रोदय-कालिनी चतुर्दशी ग्रहण करे। चतुर्दशी तिथि 19 अक्टूबर दोपहर 1.51 से 20 अक्टूबर अपरान्ह 3.44 तक है तथा 20 अक्टूबर को चंन्द्रोदय सुबह 5.10 बजे से है अत: चंन्द्रोदय युक्त चतुर्दशी तिथि प्राप्त होने से रुप चतुर्दशी अभ्यंग स्नान 20 अक्टूबर को सुबह 5.



10 से सूर्योदय तक होगा इससे स्वास्थ्य अच्छा रहता है नरक की प्राप्ति नहीं होती है तथा लक्ष्मी की कृपा भी बनी रहती है। अभ्याँग स्नान - प्रात: 5.10 बजे से सूर्योदय तक दीपावली पूजन श्रेष्ठ मुहूर्त- प्रदोष काल प्रतिष्ठान 20 अक्टूबर 2025, सोमवार सायं 5.44 बजे से 7.19 बजे तक मेष लग्न, चल चौाड़िया प्रतिष्ठान के साथ घर पर श्रेष्ठ पूजन मुहूर्त सायं 7.05 बजे से रात्रि 9.01 बजे तक वृषभ स्थिर लग्न, निशीथ काल व स्थिर लग्न रात्रि पूजन मुहूर्त रात्रि 11.38 बजे से 12. 29 तक तथा देर रात्रि 1. 36 बजे से 3.53 तक सिंह लग्न शुभ चौघड़िया विशेष शुभ दीपावली पर प्रतिष्ठान पूजन 21 अक्टूबर को भी सुबह 9.13 बजे से दोपहर 1.27 तक अलग अलग कार्य के लिए अलग शुभ लग्न मुहूर्त में भी किया जा सकता है। श्री गणेश -लक्ष्मी जी मूर्ति, वस्त्र, रोली, कलावा, पान, सुपारी, अबीर, बुक्का, जनेऊ, सिंदूर, हल्दी, शहद, देशी घी, कर्पूर, पंचमेवा, खील बतासा,गोला, खिलौना, गाय का दूध, दही, धुपबत्ती, इत्र, कमलगट्टा माला,हल्दी की माला, गुलाब, कमल पुष्प, दूर्वा कौड़ी, गोमती चक्र, धनिया, मिष्ठान, फल, गंगाजल, आम का पत्ता दीपावली पर्व पर घर के दरवाजे व घर के अंदर के साथ साथ मंदिर, कुआँ, वृक्ष तुलसी, बेल, शमी आदि चौराहा, गौशाला, निर्जन स्थान नदी या तालाब के पास भी दीपक जलाना चाहिए।

# अवैध पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अवैध पटाखों का भण्डारण करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1.5 लाख रुपये की कीमत के 5 कार्टून अवैध पटाखे बरामद किए है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं पटाखे/विस्फोटक पदार्थ बेचने/भण्डारण करने वालों के विरू चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा अवैध पटाखों का भण्डारण करने वाले एक युवक को ठण्डी सड़क से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से करीब 1.5 लाख रुपये की कीमत के 5 कार्टून अवैध पटाखे बरामद हुए हैं। आरोपी की पहचान सागर पुत्र राजेश निवासी मौ. अहाताबस्तीराम कस्बा व थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी



की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस ने लूट करने वाले तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने ग्राम परतापुर में हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने के आभूषण, नकदी व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम पर चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा थाने के मुक. दमा अपराध संख्या 538/2025 धारा 309(4), 305, 331(4) बीएनएस का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को जटपुरा कट के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से सोने की दो बाली,



1,500 रुपये नकदी व घटना में प्रयुक्त सैन्ट्रो कार बरामद की है। पुलिस ने मुताबिक आरोपियों की पहचान श्याम पुत्र राजेन्द्र, कपिल पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना हापुड देहात जनपद हापुड और अमर पुत्र रमेश निवासी लोधीपुर थाना हापुड देहात जनपद हापुड व हाल पता अशोक विहार थाना लोनी जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# कच्ची शराब की धरपकड़ के लिए ड्रोन का सहारा लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मेले के नजदीक आते ही खादर क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने वाले सक्रिय हो जाते हैं। मेले पर कच्ची शराब की मांग अधिक बढ़ जाती है। अवैध शराब की धरपकड़ के लिए गढ़ कोतवाली पुलिस ने एसपी के निर्देश पर खादर क्षेत्र के जंगल में ड्रोन कैमरे से निगरानी की।

एसपी ज्ञानंज्य सिंह पिछले दिनों को मेला स्थल दर क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने पुलिस को खादर क्षेत्रों में अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस मामले में किसी पुलिसकर्मी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनके आदेश का पालन करते हुए अवैध शराब की तस्करी रोकने के टीम गठित कर अभियान चलाया गया।




वहीं खादर क्षेत्र और जंगलों में अवैध शराब की खेप और कच्ची शराब की भट्टियों की ड्रोन से तलाश कराई गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने पुलिस टीम के साथ मिलकर जांच की। हालांकि इस दौरान कुछ नहीं मिल सका है।

# अवैध पटाखों का भंडारण करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने अवैध पटाखों का भण्डारण करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 कार्टून अवैध पटाखे बरामद किए है।

देहात प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि जिले में पुलिस द्वारा अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले और बेचने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और उनकी धर पकड़ कर अवैध पटाखों को ज़ब्त किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले एक युवक को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 3 कार्टून अवैध पटाखे बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को मुखबिर के आधार पर सूचना मिली थी कि थाना हापुड़



देहात क्षेत्र के मोहल्ला भीम नगर में अवैध पटाखों का भंडारण किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए कृपाल सिंह पुत्र स्व. मोहर सिंह निवासी मौहल्ला भीमनगर थाना हापुड देहात जनपद हापुड के कब्ज़े से अवैध पटाखे बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक ने दीपावली पर बाजार में पटाखे को बेचने के लिए उनका भंडारण किया हुआ था। पुलिस ने छापेमारी करते हुए अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# पटाखा बाजार का पुलिस ने किया निरीक्षण, जांचें लाइसेंस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने नगर के आर.के. इंटरनेशनल स्कूल ग्राउंड में लगा पटाखा बाजार की दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और अग्नि सुरक्षा मानकों का जायजा लिया, साथ ही अवैध भंडारण या बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। हरेंद्र सिंह ने निरीक्षण के दौरान पटाखा विक्रेताओं को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों और पर्याप्त रोशनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन करने पर जोर दिया। सिंह ने फायर सर्विस कर्मियों को सतर्क रहने, किसी भी आकस्मिक घटना पर त्वरित कार्रवाई करने और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान आग लगने की संभावनाएं अधिक होती हैं, इसलिए टीम को पूरी तरह अलर्ट रहना चाहिए।

# दीपावली को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुदायन।** नगर पंचायत रुदायन में आगामी धनतेरस और दीपावली के त्योहार को लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट है। चौकी इंचार्ज व पुलिस टीम ने नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया।धनतेरस और दीपावली के पर्व पर मैन बाजार,होली चौक और श्री राम जानकी चौक अन्य जगह पर शक्ति से लोगों और वाहनों की चेकिंग की। इसे लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है।

पुलिस की टीम दिनभर बाजारों में घूमकर संदिग्धों पर नजर रख रही है। संदिग्ध लगने पर पुलिस रोककर उनसे पूछताछ कर रही है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

## दो की हालत गंभीर, डाक्टरो ने मेरठ के अस्पताल में किया रेफर









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** मेरठ मार्ग पर ब्लॉक परिसर के सामने दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया है।

रविवार देर शाम परीक्षितगढ़ मेरठ मार्ग पर ब्लॉक परिसर के सामने दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को सीएचसी पर पहुंचाया। जहां विक्रांत प्रशांत निवासी ग्राम मारकपुर थाना भावनपुर, रोहित ग्राम सियाल थाना भावनपुर व एक अन्य युवक मोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें विक्रांत व रोहित की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं सभी घायलों के परिजनों को सूचना दी जा रही है कोई भी युवक अभी तक सही बात बताने की स्थिति में नहीं है।

# सर्व समाज को लेकर चलेंगे साथ: कर्मवीर गुमी

## सपा कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत, एक मंच पर आए कई दिग्गज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जेल रोड स्थित समा. जवादी पार्टी कार्यालय पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी का स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो मुझ पर विश्वास किया है उसमें मैं खरा उतरूंगा।

उन्होंने कहा की समाजवादी पार्टी के समस्त कार्यकर्ता का में सम्मान करूंगा और जो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा पीडीए के कार्यक्रम चल रहे हैं वह हर गांव हर मोहल्ले, हर वार्ड में व ब्लॉकों में कार्यक्रम लगातार चलते रहेंगे और पीडीए को मजबूत करने के लिए सर्व समाज को पार्टी से जोड़ा जाएगा।



उन्होंने कहा कि इस बार 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे। उन्होंने मंच के माध्यम से कहा कि सपा ने उन्हे जिलाध्यक्ष बनाया है वह अभी से ही पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। इसके अलावा उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर उनसे कोई गलती हो गई तो वह अपने दिल में न रखे तुरंत मुझसे संपर्क कर मामले को संज्ञान ले लें। कार्यकर्ता एक होंगे तभी 2027 में सपा की सरकार बनेगी। हमें एक भेदभाव मिटाकर काम करना होगा। इस दौरान मंच पर असीन विधायकों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किठौर विधायक शाहिद मंजूर, शहर



विधायक रफीक अंसारी, सरधना विधायक अतुल प्रधान, महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, धीरेन्द्र गुमी, राष्ट्रीय महासचिव नीरज पाल, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, पूर्व विधायक प्रभु दयाल वाल्मीकि, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह, हाजी इसरार सैफी, मनोज चपराना, मुद्गुला यादव, नवाजिश मन्जूर, अमित शर्मा, अहतेशाम इलाही, फाजिल खान आदि रहे।

# नाबालिग से छेड़खानी करने वाला आरोपी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के गांव में एक नाबालिग लड़की को एक युवक द्वारा छेड़खानी करना भारी पड़ गया। लड़की के पिता ने जानी थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया।

थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्र ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया आरोपी की पहचान उज्जवल उर्फ गोल्डी पुत्र अशोक कुमार जानी खुर्द के रूप में हुई। वहीं नाबालिग लड़की ने बताया कि रोज आते-जाते वह उससे छेड़खानी करता था। काफी तंग आकर ही है उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि छेड़खानी करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा सभी स्कूल कॉलेज के पास पुलिस पैकेट की व्यवस्था कर दी गई है।

# जयंत व चारु चौधरी को दिवाली की मुबारकबाद देने दिल्ली पहुंचे रालोद नेता रणबीर दहिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रविवार को केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और उनकी पत्नी चारू चौधरी को दिवाली की मुबा. रकबाद देने के लिए प्रदेश महासचि. चव रणबीर दहिया दिल्ली पहुंचे। उन्होंने चौधरी परिवार को दीपावली की मुबारकबाद दी।

जयंत चौधरी ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया वहीं जयंत चौधरी ने कहा कि सिवाल खास विधानसभा के रोहटा में जो सदस्यता अभियान का प्रोग्राम रणबीर दहिया के नेतृत्व में हुआ है वह काबिले तारीफ है पिछले काफी समय से रणबीर दहिया सदस्यता अभियान चलाकर राष्ट्रीय लोकदल की जड़े मजबूत कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल ही एक ऐसी पार्टी है जो



किसान व गरीबों की मसीहा है वहीं जयंत चौधरी ने उनकी पीठ थपथपाई और कहा कि उनके दादा चौधरी चरण सिंह का सपना पूरा हो रहा है। पार्टी देश भर में फैल रही है राष्ट्रीय लोक दल आज एक मजबूत पार्टी बन चुकी है जो देश के युवाओं को आकर्षित कर रही है।

# लावड़ में धड़ल्ले से बिक रहे अवैध पटाखे

■ पुलिस नहीं कर रही कोई कार्रवाई, पहले पकड़ा फिर छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** दिवाली के मौके पर लावड़ कस्बे में दौराला मसूरी मार्ग पर मैंन बाजार में अवैध पटाखों की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है और आसपास क्षेत्र के काफी संख्या में गांव के लोग अवैध पटाखों को खरीद कर यहां से ले जा रहे हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। आपको बता दें कि प्रदेश में अवैध पटाखों की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है।



लेकिन लावड़ में मुख्य मार्ग पर ही भारी मात्रा में खुलेआम बिक्री की जा रही है। शुक्रवार की देर रात लगभग 11 बजे मुख्य मार्ग पर एक टाटा 407 गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध पटाखे लाए गए और मुख्य मार्ग पर ही एक दुकान में उन्हें



उतारा जा रहा था तभी स्थानीय पुलिस के साथ-साथ इंचौली थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए और उन्हें पकड़ लिया। लेकिन कुछ देर बाद ही थाना प्रभारी वहां से चले गए और पुलिस ने सांठगांठ कर अवैध पटाखों से भरी गाड़ी को मौके से हटा दिया। वहीं रविवार की शाम को लावड़ चौकी पुलिस मैंन बाजार में अवैध पटाखों की बिक्री कर रहे कुछ लोगों व पटाखों को लेकर चौकी आ गई। बताया जाता है कि पुलिस ने कुछ देर बाद ही बिना कोई कार्यवाही किए उन्हें छोड़ दिया ओर साथ ही अवैध पटाखों को भी वापिस दे दिया। इस तरह पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है आखिर पुलिस अवैध पटाखों का कारोबार करने वाले लोगों पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है। आखिर पुलिस किसके दबाव में काम कर रही है ये एक अपने आप में सवाल खड़ा कर रहा है।

# चार बदमाश गिरफ्तार, गांजा व देसी तमंचा बरामद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसमें थाना फेस-वन पुलिस ने एक अभियुक्त से 1 किलो 280 ग्राम गांजा तथा दूसरे बदमाश से देसी तमंचा बरामद किया है। वहीं एक शख्स के साथ मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार थाना फेस-वन पुलिस ने आज लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से गांजा तस्करी करने वाला एक अभियुक्त सूरज गुप्ता पुत्र नन्हें गुप्ता को सेक्टर-14 के पास से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से 1 किलो 280 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

वहीं थाना रबूपुरा पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय जिन्दा कारत. ूस बरामद।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना पुलिस ने आज लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त फरमान पुत्र हनीफ को सेक्टर-20 ग्रेटर नोएडा पार्क के पास वाली रोड़ से गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त किसी वारदात को अंजाम देने की मकसद से तमंचा लेकर घूम रहा था। इसके अलावा इसी थाने की पुलिस ने एक शख्स के साथ मारपीट करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवराज पुत्र पप्पू तथा जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र जोगेन्द्र को फलैदा कट के पास से गोपनीय सूचना व इलेक्ट्रॉनि सर्विलांस की सहायता से गिरफ्तार किया गया है।

# पर्वों पर ट्रांसफार्मर फुंकने पर ट्रॉली ट्रांसफार्मर से दी जाएगी आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पर्वों के दौरान बिजली के ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद भी उपभोक्ताओं को तत्काल प्रभाव से बिजली सप्लाई देने के लिए टॉली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर दी गई है। इसके लिए जिले में 14 ट्रॉली ट्रांसफार्मर की जिले में विभिन्न स्थानों पर रखे गए है। सभी ट्रॉली ट्रांसफार्मर चार सौ केवी की क्षमता के हैं। जिले में विद्युत निगम के साढ़े तीन लाख से अधिक उपभोक्ताओं को दो सर्किलों के सात डिविजनों के माध्यम से बिजली सप्लाई मिलती है। पर्वों के दौरान निर्बाध आपूर्ति विद्युत निगम के लिए प्रथामिकता है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार आसासीय सेक्टरों में दीवाली पर्व में बिजली की मांग बढ़ जाती है।

ऐसे में ट्रांसफार्मर फुंकने का भी खतरा बना रहता है। ऐसे में एक ट्रांसफार्मर को बदलने में न्यूनतम दो से तीन घंटे का समय लगता है। कई बार फुंके हुए ट्रांसफार्मर को बदलने में पांच से छह घंटे तक का भी समय लग जाता है। इस दौरान उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है।

इसकी उपभोक्ता सोशल मीडिया के माध्यम से नो-पावर कट और नो-ट्रिपिंग जोन में लगातार कई घंटे तक बिजली कटौती की शिकायत करते हैं। इससे विद्युत निगम को काफी फजीहत का सामना करना पड़ता है। ऐसे में विद्युत निगम ने जिले में सेक्टर-18, 16, 20, 25, फेस-दो, दादरी, जेवर, दनकौर, रबुपूरा आदि कस्बों में ट्रॉली ट्रांसफार्मर के संग टीम तैनात कर दी है। ताकि ट्रांसफार्मर फुंकने पर तुरंत ही ट्रॉली ट्रांसफार्मर के माध्यम से सप्लाई शुरू की जा सके। इसके बाद फुंके हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। देहात क्षेत्र में लगे होते छोटे-छोटे अधिक ट्रांसफार्मर निगम अधिकारियों के अनुसार जिले में 12 हजार छोटे-बड़े ट्रांसफार्मर लगे हुए है। इसमें करीब सात हजार ट्रांसफार्मर शहरी क्षेत्र में लगे हुए है।

जबकि 6 हजार ट्रांसफार्मर ग्रेटर नोएडा समेत देहात क्षेत्रों में लगे हुए है। टयुवेल कनेक्शन पर 25 केवीए का एक अगल ट्रांसफार्मर लगा हुआ होता है। इस वजह से देहात में सबसे ज्यादा 25 और 16 केवीए के ट्रांसफार्मर लगे हुए है।

पर्वों के दौरान जिले के सभी क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए 14 ट्रॉली ट्रांसफार्मर जगह-जगह रखे गए है। ट्रांसफार्मर फुंकने पर ट्रॉली ट्रांसफार्मर से जल्द ही सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास हो रहा अंधाधुंध अवैध निर्माण

■ 100 ज्यादा लोगों के खिलाफ एफआईआर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण में अधिग्रहित छह गांव की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने के लिए प्रशासन लगातार सख्ती अपना रहा है। अंधाधुंध अवैध निर्माण पर लगाम लगाने के लिए तहसील प्रशासन दो गांव के 100 अधिक लोगों के खिलाफ एफआइआर के लिए पत्र भेजने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

उपजिलाधिकारी जेवर ने दूसरे चरण के छह गांव में भवन निर्माण की सामग्री आपूर्ति पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंध के बाद आपूर्ति करने वाले वाहनों और फर्मों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बड़े स्तर पर अवैध निर्माण करने वाले लोगों की आय के स्रोतों जांच के बाद भू माफिया घोषित करने एवं गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए जेवर के रन्हेरा, कुरैब, करौली बांगर, दयानतपुर, बीरमपुर, मुढ़रह छह गांवों में 1181.27 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। विस्थापित होने गांव करौली बांगर,रन्हेरा, कुरैब गांव में पुश्तैनी मकानों को मुआवजा उठाने के बाद बड़े स्तर पर और ज्यादा मुआवजे व प्लाट के लालच में अवैध निर्माण किया जा रहा है। अवैध निर्माण कर अनुचित लाभ लेने और राज्य सरकार को वित्तीय क्षति पहुंचाने के वालों के खिलाफ तहसील प्रशासन और पुलिस ने समन्वय कर सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं।

मंगलवार को तहसील प्रशासन की तरफ से अवैध निर्माण की फोटो सहित नगला हुकमसिंह व रन्हेरा में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ जेवर व रबूपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पत्र भेजा गया था। अब उपजिलाधिकारी जेवर ने इन सभी गांव में निर्माण सामग्री की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही अवैध निर्माण करने वाले लोगों के आय के स्रोतों की जांच कराते हुए भूमाफियाओं की संलिप्तता मिलने पर भू माफिया घोषित कर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की प्लानिंग की जा रही है।

# सोसाइटी में लिफ्ट का रखरखाव खराब, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एम्स ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में लिफ्ट के रखरखाव में लापरवाही बरतने जाने से लोग परेशान हैं। आरोप है कि सोसाइटी के विभिन्न टावरों में लिफ्ट बंद है। वहीं, प्रबंधन से शिकायत की जाती है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। सोसाइटी में रहने वाले विशाल ने बताया कि परिसर में 500 से अधिक परिवार रहते हैं। हाई राइजिंग सोसाइटी में लिफ्ट लोगों की अहम जरूरत है। इसके रखरखाव में ही बिल्डर प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। सोसाइटी के कई टावरों में दो से तीन महीने तक लिफ्ट बंद रहती है, जिसको लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई करने को तैयार नहीं है।

बाकी जो लिफ्ट टावर में संचा. लित हैं, उनमें से अजीब तरह की आवाज आती है, जिसके कारण लिफ्ट का इस्तेमाल करते वक्त बच्चों और बुजुर्गों को अधिक डर लगता है। सोसाइटी में रहने वाले डीजी शुक्ला ने बताया कि डी टावर में दो लिफ्ट लगी हुई है, जिनमें से एक लिफ्ट पिछले एक साल से खराब है। टावर 15 से 20 मंजिला बने हुए हैं। वहीं, दूसरी संचा. लित हो रही लिफ्ट कभी भी बंद हो जाती है, जिसके कारण लोगों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में बुजुर्ग और बच्चों को अधिक समस्या होती है। वहीं, टावर में कई लोग बीमार भी है। लिफ्ट बंद पड़ने पर उन्हे सीढ़ियों से ऊपर नीचे आना-जाना पड़ता है, लेकिन उनकी मदद करने वाला कोई नहीं है। अब लोगों की तरफ से प्रशासन और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों से इस मामले की शिकायत की गई है।

## एक नजर

### 1.40 करोड़ से सेक्टर-126 में विकसित होगी ग्रीन बेल्ट

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-126 में ग्रीन बेल्ट को नए तरीके से विकसित कर सौंदर्यीकरण भी करवाएगा। यहां पर खाने-पीने के इंतजाम के लिए फूड कियोस्क बनाया जाएगा। इसके साथ ही गजीबो हट और टहलने के लिए ट्रैक भी बनेगा। बाकी जगह में फूल और छाया वाले पेड़-पौधे व घास भी लगवाई जाएगी। लोगों के बैठने के लिए बेंच भी लगाई जाएंगी। प्राधिकरण के उद्यान विभाग ने इस परियोजना के लिए सिविल और उद्यान के टेंडर जारी कर 24 अक्टूबर तक आवेदन मांगे हैं। परियोजना की निर्माण लागत करीब 1 करोड़ 40 लाख 70 हजार रुपये अनुमानित हुई है। उद्यान विभाग की तरफ से बताया गया कि इस ग्रीन बेल्ट को आधुनिक तरीके से विकसित किया जाएगा।

### हाईकोर्ट ने डूब क्षेत्र के कनेक्शन पर मांगा एनपीसीएल से जवाब

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कुलेसरा गांव में हिंडन नदी के डूब क्षेत्र के निवासियों की याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई शुरू की है और एनपीसीएल से जवाब मांगा है। निवासियों ने श्री बालाजी समिति की तरफ से जनहित याचिका दायर की है। याचिका में बिजली कनेक्शन दिलवाने की मांग की गई है। हवाला दिया है कि डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन देने पर रोक लगा रखी है। जबकि मकान बनाने से नहीं रोका गया और पूर्व में भी कनेक्शन दिए गए हैं।

समिति के अध्यक्ष सिद्धार्थ पांडे ने बताया कि दिसंबर, 2024 में याचिका दायर की गई थी। जिस पर अब सुनवाई शुरू हुई है। 15 अक्तूबर को पहली बार सुनवाई हुई। जिसमें एनपीसीएल से एक माह के अंदर बिजली कनेक्शन के मामले में रिपोर्ट मांगी है।

निवासियों ने बताया कि पिछले 10 साल से हजारों निवासी बिजली कनेक्शन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। एनपीसीएल ने पूर्व में कनेक्शन जारी किए थे, लेकिन अब रोक लगा रखी है। हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू होने के बाद बिजली कनेक्शन मिलने की उम्मीद जगी है।

### कुत्ते विवाद में दंपति पर हमला

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दाद. ूपुर गांव में कुत्ते को लेकर हुए विवाद में एक दंपति पर हमला किया गया। पड़ोसियों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। दंपति का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने रविवार शाम दो लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव निवासी राजकुमारी ने बताया कि शनिवार को उनके घर में पड़ोस के एक व्यक्ति के दो कुत्ते घुस गए थे। राज. कुमारी का आरोप है कि ये कुत्ते काटते हैं। जब उन्होंने पड़ोसी से इस बात का विरोध किया, तो आरोपी ने अपने परिवार के एक अन्य सदस्य के साथ मिलकर गाली-गलौज की। आरोप है कि इसी विवाद के चलते रविवार सुबह आरोपियों ने राजकुमारी और उनके पति सीताराम पर घर में घुसकर हमला कर दिया। लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से किए गए इस हमले में दंपति बुरी तरह लहूलुहान हो गए। उन्हें तुरंत ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

राजकुमारी ने इस मामले में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि आरोपी दबंग हैं और आए दिन उनके साथ गाली-गलौज करते रहते हैं। राजकुमारी के अनुसार, कई बार कुत्तों को बांधने के लिए कहने पर आरोपी रंजिश मानते हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कॉमर्शियल प्रॉपर्टी के नाम पर 1.59 करोड़ की ठगी का आरोप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-142 कोतवाली क्षेत्र में कामर्शियल प्रॉपर्टी में निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से 1.59 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। भुवनेश्वर ओडिशा निवासी सर्वेश्वर नायक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में प्रोप ओशन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी ने उनसे संपर्क कर यमुना एक्सप्रेसवे की उनकी संपत्ति बेचकर दूसरी कॉमर्शियल प्रॉपर्टी में निवेश कराने का झांसा दिया। वादी के अनुसार 7 जून 2022 को वह कंपनी के कार्यालय भूटानी एल्फाथम सेक्टर-90 नोएडा पहुंचे। जहां उनकी मुलाकात श्याम गौतम उर्फ देवांश शर्मा और विष्णु गौतम उर्फ विदित शर्मा से हुई। दोनों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें दूसरी प्रॉपर्टी दिखाई। जो बाद में रेरा में पंजीकृत न होने की बात सामने आई। उन्होंने कंपनी के खातों में आरटीजीएस, चेक, कैश व ऑनलाइन माध्यम से कुल 2.96 करोड़ रुपये का भुगतान किया।

# जिला अस्पताल में बर्न वॉर्ड तैयार, अतिरिक्त डॉक्टर रहेंगे तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिवाली में होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जिला अस्पताल ने 15 बेड का बर्न वॉर्ड तैयार किया है। वहीं, गंभीर मरीजों के लिए 10 बेड आईसीयू में आरक्षित रहेंगे। भर्ती मरीजों की देखरेख के लिए डॉक्टरों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। यह व्यवस्था 23 अक्तूबर तक जारी रहेगी। अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी वार्ड का संचालन डॉ. ऋषभ कुमार सिंह, डॉ. राहुल और डॉ. अरविंद अत्री की देखरेख में किया जाएगा। इनके नेतृत्व में हर शिफ्ट में कम से कम दो डॉक्टर तैनात रहेंगे। सभी डॉक्टर आपातकालीन मरीजों को तुरंत इलाज उपलब्ध कराएंगे। आईसीयू में भी दो डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। ड्यूटी को लेकर कोई भ्रम न रहे, इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने संबंधित कर्मचारियों को ड्यूटी लिस्ट भेज दी गई है। सीएमएस डॉ. अजय राणा ने बताया कि अस्पताल ने अपने स्तर पर तैयारी पूरी कर ली है। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। मरीज इमरजेंसी वार्ड के लिए 9266415010 और वरिष्ठ चिकित्सकों से परामर्श के लिए 9266415006 कॉल कर सकते हैं। अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, वरिष्ठ सर्जन और बाल रोग विशेषज्ञों की 24 घंटे तैनाती सुनिश्चित की गई है। जरूरत पड़ने पर 108 एंबुलेंस सेवा का भी उपयोग कर सकते हैं।

**जिम्स में नहीं बर्न यूनिट, गंभीर मरीज होंगे रेफर:** दिवाली पर सरकारी से लेकर निजी अस्पताल में विशेष बर्न यूनिट बनाई गए हैं। हालांकि जिम्स अस्पताल में गंभीर मरीजों के इलाज की व्यवस्था नहीं है। ऐसे मरीजों को जिला अस्पताल या अन्य जगह के लिए रेफर किया जाएगा। बिसरख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. सचिन्द्र मिश्रा का कहना है कि इस दौरान अस्थमा के मरीजों को खासी सावधानी बरतनी होगी।

**सावधानी से जलाए पटाखे:** जिम्स के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि पटाखे जलाने से अन्य व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए पटाखे खुली जगह पर जलाएं। जूते पहनें और पानी की बाल्टी पास रखें। छोटे बच्चों को अकेले पटाखे नहीं जलाने दें। अधजले पटाखों को दोबारा जलाने का प्रयास न करें। आंखों में चोट लगने या जलने से फफोले होने से को फोड़ें नहीं, तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। पटाखे से झुलसने के बाद घाव को साफ पानी से धुलें।

**सुबह 11 बजे तक खुलेगी जिला अस्पताल की ओपीडी:** आज जिला अस्पताल की ओपीडी सुबह 11 बजे तक खुलेगी। मरीजों का पंजीकरण सुबह 10 बजे तक किया जाएगा। आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं 24 घंटे पूर्ववत संचालित रहेंगी। अस्पताल के सीएमएस डॉ. अजय राणा ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों और स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल इलाज मिलेगा।

# ट्रेन-बस सब फुल, दीपावली पर नोएडा से लखनऊ तक का किराया 5000 रुपये तक वसूल रहे बस संचालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दीपावली के अवसर पर ग्रेटर नोएडा में परिवहन सेवा पूरी तरह प्रभावित हो गई है। एनएच-91, परी चौक, यमुना एक्सप्रेसवे और जेवर सहित शहर के महत्वपूर्ण हिस्सों पर सैकड़ों लोग, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे शामिल हैं, घंटों तक बसों का इंतजार करते रहे।



बस अड्डे पर यात्रियों का कहना है कि जो बसें उपलब्ध हैं, वे पहले से ही पूरी तरीके से भर चुकी हैं। कई बसें बिना रोक-टोक के गुजर रही हैं और जो बसें रुकती हैं, उनमें यात्रियों के बैठने के लिए जगह नहीं मिल रही। यात्रियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि त्योहार के दौरान बढ़ी भीड़ को ध्यान में रखते हुए कोई अतिरिक्त बस सेवा या उचित इंतजाम नहीं किया गया।

**इन शहरों के लिए निकले हैं लोग:** यात्री ग्रेटर नोएडा से लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, फैजाबाद, प्रयागराज, अलीगढ़, गोरखपुर, मथुरा और आगरा जैसे कई शहरों के लिए रवाना हो रहे हैं। अपने घर पहुंचने की उम्मीद में निकले कई लोग रास्ते में ही फंस गए हैं। परी चौक पर इंतजार कर रही एक महिला ने बताया कि मैं रविवार सुबह साढ़े 7 बजे से बच्चों के साथ खड़ी हूं, लेकिन 10 बजे तक हमें कोई बस नहीं मिली।

**उठ रहे सवाल:** उधर, परिवहन की अव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्थानीय पुलिस कर्मियों को यात्रियों को शांत रखने और यातायात व्यवस्था संभालने के लिए तैनात किया गया है। हालांकि, पर्याप्त बसों की कमी की मुख्य समस्या अब भी बनी हुई है। स्थानीय निवासी और यात्री यूपीएसआरटीसी और परिवहन विभाग से बस सेवाओं में तत्काल सुधार की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि त्योहारों के समय परिवहन व्यवस्था की पहले से पर्याप्त योजना और प्रबंधन न होने के कारण प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं।

**800 से 5000 हुआ किराया:** वहीं, इन सबके अलावा त्योहार के मौके पर नोएडा से कानपुर और लखनऊ की यात्रा अब आम दिनों की तुलना में काफी महंगी हो गई है। सामान्य रूप से जिन स्लीपर बसों का किराया 700 से 800 रुपये तक होता था, वहीं इस बार दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के दौरान यह बढ़कर 4000 से 5000 रुपये तक पहुंच गया है। ट्रेनों में सभी सीटें बुक होने के कारण लाखों प्रवासी मजदूर और कर्मचारी बसों का सहारा ले रहे हैं, जिसके चलते उनकी जेब पर भारी असर पड़ रहा है।

**इस बार घर पहुंचना मुश्किल लग रहा है:** टिकटों के दाम बढ़ने के बावजूद बसों की कमी के कारण यात्रियों को लंबे इंतजार और भारी भीड़भाड़ की परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रेटर नोएडा के परी चौक बस अड्डे पर पहुंचे कई यात्रियों ने बताया कि इस बार घर जाने की उम्मीद अब मुश्किल लग रही है। बस के इंतजार में खड़े कानपुर के रहने वाले एक शख्स ने बताया कि वह एक कम्पनी में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि इस बार त्योहार पर घर पहुंचना लगभग असंभव लग रहा है।

**कई गुना किराया वसूल रहे बस वाले:** सामान्य दिनों में जहां कानपुर की यात्रा के लिए केवल 750 रुपये खर्च होते थे, वहीं आज स्लीपर बस ऑपरेटर 4800 रुपये तक किराया ले रहे हैं। इसी तरह लखनऊ जाने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उनको अपने तीन बच्चों और पत्नी के साथ सफर करना है और इस बार हर टिकट के लिए 4200 से 4500 रुपये तक चुकाने पड़ रहे हैं।

**बस-ट्रेन सब फुल:** अब साधारण बसों का किराया भी बढ़कर करीब 2000 रुपये तक पहुंच गया है और बसों में इतनी भीड़ है कि यात्रियों को सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है। रोडवेज की साधारण बसों में किराया भले तय है, लेकिन अत्यधिक भीड़ के कारण महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सभी ट्रेनें पूरी तरह भरी हुई हैं। रेलवे ने अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें जरूर चलाई हैं, मगर वे भी जरूरत के हिसाब से पर्याप्त नहीं हैं।।कानपुर और लखनऊ मार्ग पर रोजाना 200 से अधिक बसें चलने के बावजूद मांग पूरी नहीं हो पा रही है। अगले तीन दिनों तक यही स्थिति बने रहने की संभावना है। सामान्य दिनों में नोएडा से प्रतिदिन 5000 से अधिक यात्री कानपुर और लखनऊ जाते हैं, जबकि त्योहार के समय यह संख्या दोगुनी हो जाती है।

**117 बसें चल रही हैं:** ग्रेटर नोएडा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) अनिल शर्मा ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए डिपो की सभी 117 बसें सड़कों पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सेवा देना हमारी प्राथमिकता है। यदि कहीं कोई समस्या आती है, तो यात्री सीधे डिपो से संपर्क कर सकते हैं।

# महिला ने सिक्योरिटी गार्ड को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के प्रेसिथम सोसायटी में एक महिला द्वारा सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट करने का मामला सामने आया है। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

पीड़ित सिक्योरिटी गार्ड राज. कुमार यादव ने आरोपी महिला अंजू शर्मा के खिलाफ दनकौर कोतवाली में शनिवार रात शिकायत दर्ज कराई है। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर निवासी राजकुमार यादव एक सिक्योरिटी एजेंसी में कार्यरत हैं। पिछले लगभग एक महीने से उनकी ड्यूटी यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 25 स्थित प्रेसिथम सोसाइटी के टावर-7 में लगी हुई है।

उन्होंने बताया कि शनिवार शाम को ड्यूटी के दौरान सोसायटी निवासी अंजू शर्मा वहां पहुंची और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला ने गार्ड को पीटते हुए सोसायटी से बाहर तक घसीटा। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया, लेकिन आरोपी महिला ने उनके साथ भी अभद्रता की। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई:** राज. कुमार यादव ने घटना के बाद सोसाइटी के अन्य लोगों के साथ दनकौर कोतवाली पहुंचकर अंजू शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### प्रतिबंधित 50 बसों के चालान, कई वाहन जब्त

**नोएडा।** यातायात पुलिस इन दिनों डग्गामार बसों के खिलाफ सख्ती बरत रही है। पिछले 15 दिन में 50 से अधिक बसों के चालान पुलिस ने किए हैं। कुछ बसों को सीज भी किया गया है। शहर में अलग-अलग रूट पर काफी डग्गामार बसें चल रही हैं। इनके अलावा नोएडा-ग्रेनो से यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए भी लंबे रूट पर बसें चलती हैं। बिना परमिट और नियमों का उल्लंघन कर चल रहीं बसों के खिलाफ यातायात पुलिस इन दिनों सख्ती बरत रही है। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पिछले 15 दिन में ही 50 से अधिक बसों के चालान किए जा चुके हैं।

अधिकारियों ने बताया कि खासतौर से चिल्ला बॉर्डर, सेक्टर-37 और परी चौक पर बसों की खासतौर से चेकिंग की जाती है। चेकिंग के दौरान परमिट के अलावा बसों की फिटनेस भी जांची जाती है।

# ग्रेनो के गांवों में सेक्टरों की तर्ज पर सुविधाएं मिलेंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के गांवों में नाली, सड़क, सीवर व जलापूर्ति सहित सभी जरूरी विकास कार्य अब एक साथ कराए जाएंगे। यह निर्णय इसलिए लिया गया है, ताकि बार-बार तोड़फोड़ न करनी पड़े। परियोजना विभाग को इससे संबंधित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इस पर काम शुरू हो गया है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक अधिसूचित क्षेत्र के कुछ गांवों को स्मार्ट विलेज के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में ग्रामीण विकास के लिए 515 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही ग्रामीण विकास के नाम पर एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) भी कराई गई है।



अधिकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांवों में सेक्टरों की तर्ज पर सभी मूलभूत सुविधाएं अब एक साथ मुहैया कराई जाएंगी। योजना के तहत जिस गांव में विकास कार्य शुरू किया जाएगा,वहां सभी काम एक साथ कराने होंगे। पेयजल पाइप लाइन व सीवर लाइन बिछाने के बाद ही सड़क व नाली का निर्माण किया जाएगा, जिससे कि बाद में तोड़फोड़ न करनी पड़ी। अभी बिजली, जल, सीवर व परियोजना विभाग द्वारा अपने- अपने हिसाब से विकास कार्य कराए जाते हैं। ऐसे में दिक्कत होती है। प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि वर्क सर्किल के प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गांव के संपूर्ण विकास की कार्ययोजना बनाई जाए। चरणबद्ध तरीके से एक-एक गांव का संपूर्ण विकास किया जाए। इसके लिए सभी विभागों को समन्वय बनाना होगा। एसीईओ का कहना है कि प्राधिकरण की आर्थिक स्थिति अच्छी हो गई है। सीईओ ने अधिसूचित क्षेत्र के गांवों का सेक्टरों की तर्ज पर विकास करने को कहा है। इससे गांव के लोगों की शिकायत दूर हो जाएगी। चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जाएंगे। बता दें कि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में 124 से अधिक गांव आते हैं। इन गांवों में सड़क, सीवर, नाली, पेयजल आपूर्ति, बिजली,साफ-सफाई, सामुदायिक केंद्र, स्कूल का निर्माण आदि जरूरी विकास कार्य प्राधिकरण द्वारा कराए जाते हैं। खैरपुर गुर्जर को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा- ग्रेटर नोएडा वेस्ट के खैरपुर गुर्जर गांव को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है। आठ करोड़ रुपये की लागत से सीवर व पेयजल पाइप लाइन के साथ सीसी सड़क आदि जरूरी कार्य कराए जा रहे हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ग्राम विकास योजना के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र के गांवों का संपूर्ण विकास किए जाने की योजना पर कार्य कर रहा है। सेक्टरों के समान सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। इसके तहत काम शुरू हो गया है। सेक्टरों की तर्ज पर क्षेत्र के गांवों में भी सभी जरूरी विकास कार्य कराए जाएंगे।

> प्राधिकरण का प्रयास है कि जिस गांव में विकास कार्य शुरू कराया जाए,उसका संपूर्ण विकास किया जाए। वर्क सर्किल के प्रभारियों को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।
>
> **सुनील कुमार सिंह, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# कार की टक्कर से महिला की मौत



मोरना। बेहड़ा सादात गांव मे जानसठ मार्ग पर तेज गति से आ रही कार ने महिला को टककर मार दी। गंभीर रूप घायल महिला की मौत हो गयी। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात निवासी महिला 40 वर्षीय महिला बाला पत्नी सुन्दर वाल्मीकि रविवार की दोपहर गांव स्थित बस स्टेण्ड के पास से गुजर रही थी। तभी मोरना की ओर से आ रही कार ने महिला को टककर मार दी।मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस व रोड सेफ्टी टीम ने घायल महिला को भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने बाला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गयाककरौली थानाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया मौके फरार हो रहे कार चालक को जौली मार्ग से हिरासत मे लिया गया।

## रहस्यमय बुखार से ग्रामीण की मौत

**बुढाना।** रहस्यमय बुखार से एक ग्रामीण की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सफीपुर पटी निवासी लगभग 30 वर्षीय इरफान अहमद उर्फ सूटा पुत्र अशरफ उस्मानी को लगभग तीन दिन पहले रहस्यमय बुखार हुआ था। तब इरफान को गांव सफीपुर पटी के ही चिकित्सकों को दिखाया गया था तो चिकित्सकों ने उसको कहीं और पर ले जाने के लिए बोल दिया था। इरफान को फिर गंभीर हालत में कस्बा सरधना के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जहां पर आज रविवार के दिन चिकित्सकों ने इरफान के परिजनो को यह कहकर बैरंग कर दिया था कि इसको अब घर ले जाओ और देखभाल करो। इरफान को जैसे ही आज घर पर ले जाया जाने लगा तो उसने बुढ़ाना क्षेत्र में प्रवेश करते ही दम तोड दिया। परिजन इरफान को बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित एक निजी हस्पताल में लेकर गये तो चिकित्सकों ने इरफान को मृत घोषित कर दिया। तब परिजनों में चीख पुकार मच गयी। मृतक की पत्नि ने 1 पखवाड़े पहले ही एक बच्ची को जन्म दिया था जबकि दूसरी बच्ची लगभग दो साल की बताई गयी है। इरफान की मौत को लेकर गांव सफीपुर पटी में शोक व्याप्त है।

# भाकियू के नाम का गलत इस्तेमाल करने वालों पर होगा मुकदमा, भेजे नोटिस

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के शीर्ष नेतृत्व ने यूनियन के नाम के अनधिकृत उपयोग पर सख्त आपत्ति जताई है। संगठन की ओर से एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि भारतीय किसान यूनियन नाम ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999 के अंतर्गत विधिवत रूप से पंजीख्रत है और किसी भी प्रकार से इसके नाम का दुरुपयोग कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है और अगकर इसका गलत उपयोग किया गया तो मुकदमा दर्ज कराकर कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गई है। संगठन की ओर से खुलासा किया है कि हाल के समय में कुछ व्यक्ति और समूह संगठन के नाम से मिलते-जुलते या भ्रमित करने वाले नामों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन समूहों की गतिविधियाँ संगठन से किसी भी प्रकार की वैध या कानूनी मान्यता प्राप्त नहीं हैं, फिर भी वे स्वयं को भारतीय किसान यूनियन से जुड़ा हुआ दर्शा रहे हैं। ऐसे सभी नामों का प्रयोग ट्रेडमार्क अधि. नियम, 1999 और भारतीय न्याय सां. हता, 2023 के तहत अपराध है, जो ट्रेडमार्क उल्लंघन, मिथ्या प्रस्तुतीकरण और सार्वजनिक धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है।कहा गया है कि भारतीय किसान यूनियन ने इन गतिविधियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाते हुए संबंधित व्यक्तियों और समूहों को सीज़ एंड डेसिस्ट नोटिस जारी किए हैं। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी संस्था या व्यक्ति बिना अनुमति भारतीय किसान यूनियन नाम या उससे मिलते-जुलते नाम का उपयोग करता पाया गया, तो उनके विरुद्ध नागरिक और आपराधिक मुकदमे, न्यायालयीन आदेश, हर्जाना, और अभियोजन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# झूठी कहानी रचने वाला घायल ही निकला आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** थाना खतौली पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मुकदमे का सफल अनावरण करते हुए बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने घटना में घायल बताए गए युवक को ही आरोपी के रूप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने स्वयं पर गोली चलने की झूठी कहानी रच कर दूसरों को फंसाने की कोशिश की थी। पुलि ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी खतौली के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी खतौली के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। शनिवार को थाना खतौली पर वादिया मो. निका पत्नी निर्भय सिंह निवासी आदित्यपुरी द्वारा तहरीर दी गई थी कि उसके पुत्र मोहित को दो युवकों रोहित पुत्र तोताराम निवासी गीतापुरी तथा अस्मित निवासी भैंसी ने गाली-गलौज के बाद पैर में गोली मार दी।

तहरीर के आधार पर थाना खतौली में मुकदमा मु0अ0सं0 400/2025 धारा 109(1)/352 बीएनएस की धारा में दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान जब घायल मोहित से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने सनसनीखेज खुलासा किया कि गोली उसने खुद चलाई थी। उसने बताया कि जंगल के रास्ते में उसे एक पिस्तौल पॉलीथिन में मिली थी, जिसे वह बैकरी के पास आजमाकर देख रहा था।

इसी दौरान गलती से गोली चल गई और उसके पैर में लग गई। डर के कारण उसने झूठी कहानी गढ़ी और पुरानी रंजिश के चलते रोहित व अस्मित के नाम पुलिस को बता दिए।

पुलिस ने आरोपी के पास से एक अदद पिस्टल 32 बोर मय खोखा कारतूस, घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी कब्जे में ली है। पुलिस टीम उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह, उपनिरीक्षक प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक अनुपम सरस्वत, हेड कॉन्स्टेबल धीरेन्द्र ,कॉन्स्टेबल अंजीत सिंह ने मौके से पिस्टल व कारतूस बरामद कर आरोपी मोहित को गिरफ्तार किया।

उसके खिलाफ धारा 231 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना था कि आरा. ेपी के खिलाफ कोतवाली ओर आधादर्जन मुकदमे दर्ज है।

# दीपावली के अवसर पर बाजारों में रही भारी भीड़

**रंग-बिरंगी रोशनी में नहाए रहे बाजार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** रविवार को छोटी दीपावली पर जानसठ के बाजारों में रौनक छाई रही। महिलाओं और पुरुषों ने जमकर खरीदारी की, जिसमें घरों के लिए सजावट का सामान, मिठाइयां और बच्चों के लिए फुलझड़ियां और पटाखे शामिल थे। बाजार दुल्हनों की तरह सजे हुए थे और खरीदारी की रफ्तार इतनी तेज थी कि बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं बची थी। इस दौरान लोगों ने अपने घरों को रोशन करने और परिवार के साथ दिवाली की खुशियाँ मनाने के लिए जमकर खरीदारी की।

घरों के लिए सजावट का सामान, जैसे कि दीये, मोमबत्तियां, और रंगोली। विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, जैसे कि गुलाब जामुन, लड्डू, और जलेबी। बच्चों के लिए फुलझड़ियां और पटाखे, जो दीपावाली की खुशी को और बढ़ाते हैं।छोटी दीपावली पर बाजारों में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। खरीदारी की रफ्तार इतनी तेज थी कि बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं बची थी। इस दौरान पुलिस की ओर से पुरुष स्टाफ व महिला स्टाफ भी मौजूद रहा।और प्रशासन की टीम ने बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए थे।

# मावा व्यापारियों के आरोपों पर कृष्ण गोपाल ने दी सफाई



**मुजफ्फरनगर।** मावा आढ़ती एसोसिएशन से जुड़े व्यापारियो ने कृष्णगोपाल मित्तल पर व्यापारियों को ब्लैकमेल करने के आरोपों से घिरे वैश्य समाज से संबंध रखने वाले व्यापारी नेता ख्रष्ण गोपाल मित्तल ने अपनी टीम के साथ आरोपों पर मीडिया कर्मियों के समक्ष आकर सफाई पेश की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वो ब्लैकमेलर नहीं है। न ही उन्होंने किसी को ब्लैकमेल किया है।

रविवार को नवीन मंडी स्थल पर संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय मिश्रा के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कोयला कारोबारी कृष्ण गोपाल मित्तल ने मावा आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा लगाये गये आरोपों पर अपनी सफाई पेश की। समिति के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि वो बचपन से मावा मण्डी में पले और बढ़े, मावा आढ़तियों के बीच ही कारोबार किया। आरोप लगाया कि मिलावटी मावा और पनीर के कारण लोगों की मौत हो रही है, इसी के खिलाफ उन्होंने लड़ाई लड़ी, वो अपने विरोधियों को जवाब देना जानते हैं। उनका कहना है कि जनपद में मिलावटी मावा और पनीर का कारोबार भाजपा नेता सत्ता के दबाव में करा रहे हैं। दो भाजपा नेताओं का मिलावट का कारोबार करने वाले मावा आढ़तियों को पूरा संरक्षण प्राप्त है और विभाग के अफसर भी इनसे मिले हुए हैं। इनके खिलाफ वो डीएम दफ्तर से लखनऊ तक मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं और अगली बार वो भाजपा नेताओं के नाम सार्वजनिक करेंगे। नंगा नहायेगा क्या और निचोडेगा क्या, जैसी कहावत के आधार पर उन्होंने कहा कि उनका दामन साफ है और उनके पास खोने को कुछ नहीं है, लेकिन वो इन लोगों को माकूल जवाब देंगे। कृष्णगा. ेपाल मित्तल ने सहायक खाद्य आयुक्त अर्चना धीरान पर भी सीधा आरोप लगाया कि उन्होंने मिलीभगत करते हुए कुछ मावा आढ़तियों को अनुचित लाभ पहुंचाने का काम किया और ढाई कुंतल मावा पकड़ा गया था, लेकिन इससे बहुत कम मात्रा में मावा नष्ट कराया गया, इसके लिए उन्होंने जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसे आरोप लगाने वालों पर मानहानि का मुकदमा करूंगा।इस दौरान मुख्य रूप से कृष्णगोपाल मित्तल, संजय मिश्रा, राक. ेश त्यागी, बलविंदर सिंह, शलभ गुप्ता, राजकुमार कालरा, तरूण मित्तल, बिट्टू सिखेडा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया

**मुजफ्फरनगर।** आज स्वाति हॉस्पिटल एंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, तावली में धनवंतरी दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन डॉ. लुकमान अली द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भगवान धनवंतरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. अरुण, डॉ. संदीप, डॉ. वैभव, डॉ. शाइस्ता, डॉ. अनन्या, डॉ. वंदना, डॉ. चेतन, डॉ. सचिन, तथा अन्य शिक्षण स्टाफ सदस्य दीपिका सोलंकी, आशीष वर्मा, सौरभ सैनी, मोहम्मद इमरान, आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने आयुर्वेद के जनकल्याणकारी सिद्धांतों को अपनाने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## एसडीएम ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

**जानसठ ।** एसडीएम जानसठ राहुल देव भट्ट ने नायब तहसीलदार अजय कुमार के साथ मिलकर जानसठ के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सर्वदलीय बैठक आयोजित कर स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव की वोट बनवानें की बाबत सहयोग की अपील की, जिस पर सभी राजनीतिक दलों के स्थानीय प्रतिनिधियों ने भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया।एसडीएम जानसठ राहुल देव भट ने नायब तहसीलदार अजय कुमार के साथ मिलकर जानसठ के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामाव. लियों का नए सिरे से पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए पात्र अभ्यर्थी 6 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। अर्हता तिथि 1 नवंबर है। सहायक निर्वाचन अधिकारी उपजिला. धिकारी जानसठ राहुल देव भट ने बताया कि स्नातक निर्वाचन के लिए आवेदन फार्म-18 तथा शिक्षक निर्वाचन हेतु आवेदन फार्म-19 को भरकर जमा करना होगा। एसडीएम जानसठ राहुल देव भट ने हमारे संवाददाता के एक सवाल के जवाब में बताया कि स्नातक निर्वाचन में मतदाता बनने के लिए अभ्यर्थी निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी होना चाहिए। अर्हता तिथि एक नवंबर 2025 से कम से कम तीन वर्ष पूर्व किसी मान्यता प्राप्त श्विविद्यालय से स्नातक या समकक्ष योग्यता प्राप्त होनी चाहिए। वहीं, शिक्षक निर्वाचन हेतु आवेदक को निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी होने के साथ-साथ अर्हता तिथि से पहले पिछले छह वर्षों में कम से कम तीन वर्ष किसी मान्यता प्राप्त माध्यमिक या उससे ऊपर के संस्थान में शिक्षण कार्य में संलग्न होना आवश्यक है। आवेदन पत्र विकास खंड जानसठ, नगर पंचायत जानसठ, मीरापुर सहित सम्बंधित बूथ से प्राप्त और जमा किए जा सकते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम राहुल देव भट , नायब तहसीलदार अजय कुमार, जिला अध्यक्ष सपा (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) अब्दुल्ला कुरैशी, जिला सचिव एवं सभासद मोहम्मद अहसान, सलमू मलिक, डॉ.सुल्तान राव, हारून खान, भाजपा नेता डॉ.सतीश खटीक, रोहित खत्री, कांग्रेस नेता वीरेंद्र कुमार गुर्जर, बसपा नेता प्रमोद तेजियान,मौजूद रहे।

## अर्चक पुरोहित संघ की घोषणा



**मुजफ्फरनगर।** अर्चक पुरोहित संघ की एक बैठक शिवा शिव मन्दिर केशवपुरी में हुई जिसमें अब की बार श्रद्धालुओं की असमजंस को दिवाली कब करना धर्मानुकूल है,पर विचार किया गया नगर के निर्णायक मण्डल त्योहार को लेकर स्पष्ट किया कि अमावस्या 20.10.2025 में 15:45 पर आयेगी और 21. 10.2025 को 17:55 तक रहेगी सूर्याअस्त 21.10.2025 में 17रू55 पर होगा। अत: दिपावली 21.10.2025 को मनाना श्रेयकर है और स्थानीय कारण: पित्र पूजा पहले कर के फिर लक्ष्मी पूजन करते है। वो भी इस में प्राप्त होगा जब कि 20.10.2025 में चतुर्दशी में पित्र पूजन नही कर पायेंगे। सभी विद्वानों के लिए घोषणा की है। जो कि पंचागो के द्वारा भी पूर्व घोषित है।मंदिरों के पुजारियों ने कहा कि सभी को मत, सत्य और धर्म सम्मत मार्ग बताने का कार्य हमारा है। उसका पालन करना और कराना धर्माचार्यो का कार्य है। इसलिए धनतेरस-19.10.2025 चतुर्दशी - 20.10.2025 बडी दिवाली-21.10.2025 अन्नकूट-22.10.2025 भैयया दूज 23.10.2025 को मानना ही उचित है। निर्णय का आधार कारण -1- अमावस्या अगर प्रदोष काल तक आ जाये तो उस दिन दिवाली होनी चाहिए। कारण-2- अगर प्रदोषकाल या 3 पहर आमवस्या के आ गये है। रात्री प्रतिप्रदा सुक्त ही तो दिपावली मनाना श्रेयकर है। कारण-3- शतक पंचाग मे भी 21.10. 2025 का लक्ष्मी पूजन है। कारण-3- निर्णय सिन्धु और धर्म सिंन्धु 21.10.2025 को पुष्टि कर रहे है। पत्रकार वार्ता में पंडित बृज बिहारी अत्री,पं. कर्माशंकर शुक्ला,पंद्र राधेजैमिनी,पं. सुधाकर भरद्वाज,पं. दिनेश वशिष्ठ,पं. अरविन्द पाण्डेय पं. अचिंत पाराशर,पं. आनन्द,पं. मोहन अत्री,पं. कमल नारायण,पं. संगीता भारद्वाज,पं. शरणनन्द गिरी,पं. कृष्णजीवन,पं. विनोद पाराशर,पं. प्रहलाद कौशिक,पं. प्रभात कौशिक,पं. सुभाष चन्द्र शास्त्री,पं. केशवा नंद,पं. धर्मेन्द्र,पं. ध्यानचन्द्र आदि मौजूद रहे।

# कोतवाल ने पत्रकारों को किया सम्मानित

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना के कार्यालय में आज रविवार की देर रात दीपावली पर्व बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान यहां पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने समस्त पत्रकारों को यहां आमंत्रित करते हुए सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और उनको उपहार भी भैंट किए। बुढ़ाना कोतवाली परिसर और मंदिर को दीपकों से सजाया गया था। इस दौरान यहां पर पत्रकारों में मुख्य रुप से प्रदीप मित्तल, अहसान कुरैशी, डाक्टर बासित सैफी, मनोज भारद्वाज और नसीम कुरैशी आदि पत्रकार और क्राइम इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर भी उपस्थित रहे। इस आयोजन के लिए पत्रकारों ने बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री का आभार जताया और उनको भी अपनी और से दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी।




मुजफ्फरनगर:जीडी गोयनका में सांस्कृतिक पेश करते बच्चे।

# गोयनका विद्यालय में हर्षोल्लास से मना दादा-दादी दिवस

**मुज़फ्फरनगर।** जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में 'दादा-दादी दिवस' बड़े हर्ष, सम्मान और आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्पण से हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अन्नू अग्रवाल, पत्नी कपिल देव अग्रवाल य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि नीती अग्रवाल, जिला कार्यवाहिका, राष्ट्र सेविका समिति, तथा विद्यालय प्रबंधन की सदस्य मीना गोयल उपस्थित रहीं।प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से सभी का हृदय जीत लिया। कक्षा दो के बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'गणेश वंदना' ने वातावरण को भक्तिभाव से भर दिया, जबकि नर्सरी और एल.के. जी. के बच्चों ने स्वागत गीत हँमसबवउम जव व्नतॅ बीववस पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिताएँ रहीं, जिनमें सभी ने बड़े उत्साह से भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाती शर्मा ने विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हहमारे जीवन में बड़ों का सान्निध्य अमूल्य धरोहर है, जो हमें संस्कार, अनुभव और प्रेरणा प्रदान करता है।कार्यक्रम के अंत में प्री-प्राइमरी समन्वयक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों की ओर से सभी दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रकट की और उन्हें सादर नमन किया।

# रतनपुरी पुलिस और गौकश के बीच मुठभेड़, एक बदमाश घायल किया गिरफ्तार

**खतौली।** थाना रतनपुरी पुलिस ने रविवार को बुढ़ाना-खतौली मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक शातिर गौकश को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। रतनपुरी पुलिस ने अपर पुलिस महा. निदेशक मेरठ जोन, पुलिस उपमहानि. रीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र, तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह और थाना प्रभारी रतनपुरी राकेश कुमार के नेतृत्व में की गई। थाना रतनपुरी पुलिस टीम आगामी त्योहारों को देखते हुए बुढ़ाना-खतौली मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने बाइक न रोकते हुए ग्राम कितास की ओर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, उपनिरीक्षक अजय सोलकी, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार,आरक्षी नवीन कुमार आरक्षी प्रमोद कुमार ने पीछा किया तो कितास मोड़ पर तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। आरोपी ने ईख के खेत में घुसकर पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश गुलफाम उर्फ बल्ला पुत्र खचेड़ू निवासी ग्राम हुसैनाबाद भनवाड़ा के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस दबोच लिया।

# युवा रालोद जिलाध्यक्ष ने कबड्डी टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव बवाना में आज रविवार के दिन किसान कबढी टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष गज्जू पठान ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि गज्जू पठान ने यहां युवाओं को पारंपरिक खेलों से जुड़ने का आ]वान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

उन्होंने अपनी सरकार से खेल सुविधाएं बढ़ाने और युवाओं को प्रेरित करने के लिए कदम उठाने की भी अपील की। अति विशिष्ट अतिथि एक्टर नईम राणा ने कहा कि ग्रामीण युवाओं में खेल भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने वाला यह आयोजन वाकई सराहनीय है। उन्होंने यहां पर सभी खिलाड़ियों को अपनी और से शुभकामनाएं दी और कहा कि खेलो आगे बढ़ो और गांव का नाम रोशन करो। इस दौरान यहां पर कबढी खिलाड़ियों के साथ साथ सैंकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे और कबढी खेल का जमकर आनंद उठाया। यहां पर दो दर्जन कबढी खिलाड़ियों ने भाग लेकर खेल को बहुत ज्यादा रोचक कर दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान अजमेर सिंह, बाबा महेंद्र, सिंह और धर्मेंद्र सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।



## शिक्षा के संग अब राजनीति का पाठ भी पढ़ाएंगे शिक्षक

# भैंसी बीआरसी पर बीकेयू की कार्यकारिणी गठित

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शिक्षा जगत से जुड़ी नई हलचल अब राजनीति के गलियारों तक पहुँच गई है। खतौली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालयों के कई शिक्षक और शिक्षिकाएं अब शिक्षा के साथ-साथ राजनीति की राह पर भी कदम बढ़ा रहे हैं। शनिवार को भैंसी स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) पर भारतीय किसान यूनियन (शिक्षक प्रकोष्ठ) की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया।इस अवसर पर शिक्षकों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि अब वे केवल किताबों से नहीं, बल्कि संगठन के माध्यम से भी अपनी आवाज़ बुलंद करेंगे। उनका कहना है कि यदि किसी भी स्तर पर शिक्षकों का उत्पीड़न हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने से पीछे नहीं हटेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय खानपुर के प्रधानाध्यापक ओमपाल सिंह (निवासी चंदसीना) को भारतीय किसान यूनियन (शिक्षक प्रकोष्ठ) खतौली ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं, कंपोजिट विद्यालय मुजाहिदपुर के सहायक अध्यापक सोविंदर कुमार को ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष, कंपोजिट विद्यालय सोंटा के सहायक अध्यापक अजय गुप्ता को ब्लॉक महामंत्री, और कंपोजिट विद्यालय खानूपुर की सहायक अध्यापिका सरिता रानी को ब्लॉक कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। मनोनयन पत्र प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष रामरतन द्वारा प्रदान किए गए।शिक्षकों के इस नए रुख को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है। कई लोगों का कहना है कि शिक्षा और राजनीति दो अलग-अलग दिशाएं हैं, दोनों का एक साथ चलना कठिन है, क्योंकि हएक म्यान में दो तलवारें नहीं रह सकतीं। वहीं, समर्थक शिक्षकों का कहना है कि वे शिक्षा के साथ-साथ अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।अब देखना यह होगा कि तराजू के इन दो पलड़ों शिक्षा और राजनीति में संतुलन बनाकर शिक्षक नया इतिहास रच पाएंगे या नहीं। वही दूसरी ओर शिक्षकों द्वारा राजनीति का दामन पकड़ने के बाद प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों बच्चों का भविष्य अंधकार में न चला जाये।

शिक्षा प्रकोष्ठ के टिकैत संगठन के आंदोलन से कोई लेना देना नही होगा ये सिर्फ विभागीय समस्याओं के निस्तारण के लिए शिक्षक भारतीय किसान यूनियन संगठन को समर्थन देने के बाद संगठन में गए है।

**पंकज अग्रवाल**
**एबीएसए खतौली बीआरसी**
**खतौली**




## राष्ट्रीय जाट महासभा भारत की प्रेस कांफ्रेंस....

# सुप्रीमो सचिन सरोहा ने अनुपमा चौधरी को दी बड़ी जिम्मेदारी

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सचिन सरोहा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारे संगठन को करीब 3 वर्ष हो गये हैं जो पूरे देश में काम कर रहा है। देश में बहुत संगठन हैं लेकिन हमें संगठन को बनाने की जरुरत क्यों पड़ी समाज के अच्छे लोगों को यह बात पता है।

पहले जाट महासभा का गठन हुआ था लेकिन उस संगठन ने अपने समाज के किसी भी व्यक्ति के सुख दुख में भाग नहीं लिया लेकिन हमारे संगठन ने समय समय पर लोगों के सुख दुख में पहुंचकर उनकी मदद की और आज भी समाज के लोगों की मदद निस्वार्थ भाव से करने का काम कर रहे हें। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने समाज के एक पुलिस इंस्पेक्टर का गिरेबान पकड़ा वह लड़ाई भी हमने लडी। उन्होंने कांफ्रेंस से पूर्व एक सभा को भी संबोधित कर समाज के सभी लोगों से आह्वान किया कि अगर कहीं पर भी आपका सम्मान सुरक्षित ना हो तो वहां फैसला करने की जल्दबाजी मत करना। उन्होंने मृत्यु भोज को भी गलत बताया और सभी से इसका बहिष्कार करने की बात कही। उन्होंने सभा की आयोजक अनुपमा चौधरी को राष्ट्रीय जाट महासभा भारत का महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाते हुए हाथों हाथ नियुक्ति पत्र सौंपा। यहां राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अजय पाल प्रमुख, जिला अध्यक्ष अनुकूल सिंह, देवेंद्र पंवार, अमित मलिक, देवेंद्र मलिक, रामछेल राठी, संजीव पंवार, बागपत जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी काठा, प्रांतीय अध्यक्ष अनंगपाल राठी, कृष्णपाल, राजभर, रविपाल, मोहित राठी, कैप्टन विनोद कुमार और चौधरी प्रदीप तोमर आदि लोग मौजूद रहे। यहां आधा सैंकड़ा लोगों ने राष्ट्रीय जाट महासभा भारत से जुड़ने की भी घोषणा की। जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने सबका वेलकम किया।



# मामूली विवाद में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

## पिता पर भी चाकू से कई वार कर किया घायल, पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** किरठल गांव में रविवार को हमलावरों ने 18 साल के युवक की चाकू से हत्या कर दी, जबकि उसके पिता को चाकू मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। गालीगलौज होने पर वारदात को अंजाम दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मौके पर ही तीन आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया है।

किरठल गांव निवासी अर्जुन ने बताया कि शनिवार रात वह अपने भाई अनिकेत के साथ कोल्हू के लिए बल्ली लेकर जा रहा था। रास्ते में गांव के ही चार-पांच युवक खड़े मिले, जिन्होंने गाली गलौच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने किसी तरह मामला शांत कराया और अपने घर आ गए व अपने पिता अमित को घटना की


मृतक का फाइल फोटो

जानकारी दी। बताया कि रविवार सुबह अनिकेत के पिता अमित धमकी देने वालों के घर विरोध जताने गए तो उनके साथ गाली गलौज कर हमला कर दिया गया। शोर सुनकर अनिकेत अपने पिता को बचाने पहुंचा तो हमलावरों ने अनिकेत के सीने में चाकू घोंप दिया। उसके पिता अमित पर भी चाकू से कई वार किए गए। अनिक. ेत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता अमित को मोहल्ले के लोगों ने बचाकर



अस्पताल भेजा। अमित की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# एएसपी व सीओ ने दीपावली पर्व को लेकर शहर में किया पैदल गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने विशेष पहल की है। शनिवार रात एएसपी प्रवीण कुमार चौहान और क्षेत्राधिकारी श्रेष्ठा ठाकुर ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बा बागपत में पैदल गश्त की। इस दौरान अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा का आश्वासन दिया।

पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था। पुलिस अधिक. ारियों ने स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और निवासियों से बातचीत की तथा सुरक्षा संबंधी सुझाव भी आमंत्रित किए। इसी अभियान के तहत, मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत बाजार क्षेत्र में मौजूद महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आत्मरक्षा के तरीके, पुलिस सहायता नंबर और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। एएसपी प्रवीण कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गति. विधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस गश्त अभियान से क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना है।



# आईएमए की तरफ से दीपावली महोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में दीपावली पर्व पर रविवार को आईएमए की तरफ से दीपावली महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें नगर के जाने माने चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें अध्यक्ष डा.संजय जैन सचिव डा.पंकज कुमार कोषाध्यक्ष डा.राकेश जैन ने कार्यक्रम की सहराना की। इस मौके पर नगर के जाने-माने डा.नीरज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर नवनियुक्त सचिव डा.



पंकज कुमार ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर समय-समय पर ऐसे सम्मान समारोह करते रहना चाहिए। कार्यक्रम को सभी चिकित्सकों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में डा.अनिल जैन डा. शुभम जैन डा.सुधा रानी के अलावा काफी संख्या में चिकित्सकों की टीम ने भाग लिया।

# दीपावली पर्व पर जरूरतमंद को मिठाइयां और उपहार किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** पुलिस ने दीपावली के पावन अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच मिठाइयां और उपहार वित. रित किए। पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर इन परिवारों के साथ खुशियां साझा कीं, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देशन में बागपत पुलिस त्योहारों को लेकर लगातार अलर्ट है। इसी कड़ी में पुलिस की यह दरियादिली सामने आई है, जहां वे लगातार जरूरतमंदों तक पहुंच रहे हैं। इस पहल की काफी प्रशंसा हो रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बागपत पुलिस जहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क है, वहीं उसकी यह सकारात्मक पहल लोगों में खुशी ला रही है। जरूरतमंद लोग इस सहयोग से काफी प्रसन्न महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस मानवीय पहल की सराहना की है। बागपत पुलिस ने जरूरतमंदों को मिठाइयां और उपहार भेंट कर उनके साथ दीपावली मनाने में पूरा सहयोग किया है।



## एक नजर

# खुरपका-मुंहपका बीमारी का प्रकोप जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** ढ़िकोली गांव में पिछले डेढ़ माह से खुरपका-मुंहपका बीमारी का प्रकोप जारी है, जिसके कारण 20 से अधिक पशुओं की मौत हो चुकी है। इससे पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित पशुपालकों में लटूर सिंह, वीरेंद्र, रविंदर ढाका, आदेश ढाका, पप्पू फौजी, चंद्रपाल ढाका, जोगिंदर प्रधान, कुलदीप ढाका, संजय, सनी और बिटटू पहलवान जैसे ग्रामीण शामिल हैं। इन पशुपालकों का दावा है कि बीमारी से उनके लगभग 20 पशुओं की जान जा चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ दिन पहले पशुपालन विभाग की एक टीम गांव आई थी, लेकिन केवल औपचारिक जांच के बाद लौट गई। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग ने न तो बीमारी की रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम उठाए और न ही मृत पशुओं के मुआवजे या बीमारी की गहन जांच की कोई व्यवस्था की। पशुपालकों ने बताया कि पशुओं की मौत से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हो रही है। कई परिवारों की आजी. विका पूरी तरह पशुपालन पर निर्भर करती है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन और पशुपालन विभाग से गांव में एक विशेष जांच टीम भेजने की मांग की है। उन्होंने पशुओं की मौत के कारणों का पता लगाने और प्रभावित पशुपालकों को उचित मुआवजा देने की अपील की है। हालांकि, ढ़िकोली की पशु चिकित्सक नेहा ने बताया कि गांव में फिलहाल खुरपका-मुंहपका की बीमारी नहीं है। उनके अनुसार, एक या दो पशुओं की मौत किसी अन्य बीमारी से हो सकती है और गांव में टीकाकरण अभियान चलाया गया है।

# बिजली घर की मशीनों में लगी भीषण आग, विद्युत आपूर्ति ठप्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिले के खेकड़ा कस्बे में पाठशाला रोड स्थित बिजली घर में ओवरलोड के कारण आग लग गई। इस घटना से बिजली घर की मशीनें जल गईं और पूरे खेकड़ा कस्बे में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

आग लगने के बाद मशीनों से घना धुआं निकलने लगा और लपटें करीब 15 फीट तक ऊंची उठने लगीं। सूचना मिलने परफायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से विद्युत विभाग को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। घटना के बाद से ही विद्युत आपूर्ति ठप है। विद्युत विभाग के अधिकारी आपूर्ति को जल्द से जल्द बहाल करने में जुटे हुए हैं। दीपावली से ठीक पहले हुई इस घटना से स्थानीय लोगों को काफी



परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारु करने की मांग की है ताकि त्योहार पर उन्हें बिजली मिल सके।

# ओमवीर ने किया वीर जवान को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** दोघट कस्बे के भारतीय वायुसेना जवान सोनू पंवार को सम्मानित किया गया। है। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उत्तर प्रदेश योजना आयोग के पूर्व सलाहकार व पूर्व राज्य मंत्री ओमवीर सिंह तोमर ने देश की सुरक्षा में पराक्रम दिखाने वाले इस वीर जवान को सम्मानित किया। इस अवसर पर ओमवीर सिंह तोमर ने कहा कि दोघट जैसे छोटे कस्बे से निकलकर देश की सीमाओं पर दुश्मनों को धूल चटाने वाले सोनू पंवार पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने सोनू के पिता और सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय शीशपाल सिंह पंवार के निधन पर परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में विशाल तोमर, महिपाल, रणवीर, सत्यवीर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बाजारों में घूमकर एसपी ने परखी सुरक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** त्योहारों को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिले में एकाएक ही सतर्कता बढ़ा दी गई है। विशेष निगरानी के बीच सभी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

इसी कड़ी में शनिवार देर रात एसपी ने शहर का दौरा किया। आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज जैसे प्रमुख त्योहारों के चलते जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मुख्य बाजारों, सर्राफा मार्केट, सब्जी मंडी एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पैदल मार्च के दौरान एसपी अमित कुमार आनंद ने दुकानदारों व आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई। त्योहारों के दौरान सतर्कता बरतने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। वहीं, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, अग्निशमन एवं आपातक. ालीन सेवाओं के समुचित प्रबंधन को लेकर सीओ व शहर कोतवाल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर पैदल गश्त, बाजार निरीक्षण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि तत्योहारों के दौरान अमरोहा पुलिस द्वारा सतर्कता एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष चेकिंग अभियान, रात्रिकालीन गश्त तथा बाजारों में पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की जा रही है, जिससे आमजन निर्भीक होकर त्योहारों को शांति व सौहार्द के वातावरण में मना सकें।

# छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की दी विस्तृत जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जनपद में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत महिला थाना बागपत की मिशन शक्ति टीम ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान, मिशन शक्ति टीम ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों का दौरा किया और छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी। टीम ने बताया कि महिला थाने में एक विशेष केंद्र स्थापित किया गया है, जहाँ महिलाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान पूरी गोप. नीयता और संवेदनशीलता के साथ किया जाता है। छात्राओं को



महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के बारे में सूचित किया गया। उन्हें साइबर क्राइम, ईव टीजिंग, घरेलू हिंसा और सामाजिक उत्पीड़न से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई, ताकि वे आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त, छात्राओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से स्कूल और कक्कलेज परिसरों में सघन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर, मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, आत्मविश्वासी बनने और किसी भी समस्या का सामना करने पर चुप न रहकर उचित माध्यम से शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया।

# बिहार चुनाव में होगी एनडीए की जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** खैला गांव में एक कार्यक्रम मे शिरकत करने पहुंचे उर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि बिहार चुनाव मे एनडीए की जीत होगी। वही महागठबंधन की बिहार में हार निश्चित है।

खैला गांव में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे उर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने प्रेस वार्ता में कहा कि बिहार चुनाव मे नितिश कुमार की सरकार बनेगी वहा एनडीए की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन अभी तक बिहार में सीटो का बंटवारा तक नही कर पाया है। वहा गंठबंधन नही ठगबंधन है। बिहार की जनता विकास के साथ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मां के लिए अशब्द बोलने वाले को बिहार की जनता



कभी माफ नही करेगी। बिहार में महागठबंधन की हार निश्चित है। वही एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इस मौकें पर मनुपाल बंसल, बब्लू, सतवृत आर्य, श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत, दूसरा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** रिवर पार्क के पास हुए एक सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मेरठ के सरधना निवासी 25 वर्षीय निशांत के रूप में हुई है, जो दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर ट्रक चालक के रूप में कार्यरत था। निशांत अपने साथी मोहित के साथ बाइक पर सवार होकर बागपत की ओर आ रहा था। रिवर पार्क के निकट उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में निशांत गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने निशांत को मृत घोषित कर दिया। मोहित की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने निशांत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में बाइक के अनियंत्रित होकर फिसलने को हादसे का कारण माना जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। मृतक निशांत दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर के निर्माण कार्य में ट्रक चालक के तौर पर कार्यरत था। हादसे की सूचना पर मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# मिशन शक्ति अभियान जनजागरूकता कार्यक्रम जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** महिला सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए, मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना छपरौली पुलिस निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में रविवार को थाना छपरौली क्षेत्र के ग्राम रठौड़ा पुलिया पर मिशन शक्ति टीम ने एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान, क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से वाहन चेकिंग की गई। पुलिया से गुजर रहे दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की गई। मौके पर संदिग्ध रूप से घूम रहे युवकों और शोहदों से पूछताछ कर उन्हें महिला सुरक्षा को लेकर सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस टीम ने स्पष्ट किया कि छेड़छाड़, अभद्रता या महिलाओं को परेशान करने की किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मिशन शक्ति टीम ने अभियान के दौरान मार्ग से गुजर रही महिलाओं और बालिकाओं से भी संवाद स्थापित किया। उन्हें सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानक.



ारी देकर जागरूक किया गया। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में वे इन हेल्पलाइन नंबरों पर तत्काल संपर्क कर सकती हैं। टीम ने उन्हें साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों से सतर्क रहने की भी सलाह दी। टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इसमें महिला समृद्धि योजना, वन स्टॉप सेंटर, रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शामिल थीं। अभियान के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने घरेलू हिंसा, रास्तों पर मनचलों की समस्या और साइबर अपराध जैसी चिंताएं व्यक्त कीं। मिशन शक्ति टीम ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी तथा क्षेत्र में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं








































# सम्पादकीय

सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

## मुहब्बत से मनाएं दिवाली

दुनिया में तमाम त्योहार लोगों में खुशियां, भाईचारा, एकजुटता, मुहब्बत का पैगाम देने के लिए जाने जाते हैं। आप किसी वर्ग, किसी भी समुदाय में आस्था रखते हों, इससे कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। भारत तो वैसे भी विभिन्न संस्कृतियों वाला देश रहा है। इसलिए यहां धर्मों का विशेष महत्व होने के साथ-साथ त्योहारों का भी विशेष महत्व है। दीपावली भी उनमें से एक ऐसा त्योहार है, जिसका अपना एक धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व है। यह बुराई पर अच्छाई के रूप में मनाया जाता है। दीपावली मनाने को लेकर लोगों में किस तरह का जोश है, वह बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखकर साफ देखा जा सकता है। लोग अपने सामर्थ्य अनुसार धनतेरस को लेकर खरीदारी कर रहे हैं। हां यह जरूर कहा जा सकता है कि आर्थिक कारण भी कहीं न कहीं हमारे त्योहारों पर भी प्रभाव जरूर डालते हैं। प्रदूषण भी इस समय बड़ी समस्या बना हुआ है। इन पर प्रतिबंधों का सभी को पालन करना चाहिए, क्योंकि सरकारी स्तर पर प्रतिबंध लगाने से बात नहीं बनती है, जब तक लोग उसमें अपना सहयोग न दें। आखिर कहते भी हैं कि जान है तो जहान है। जब जीव सुरक्षित होगा, स्वस्थ होगा, तभी हर चीज में आनंद आता है। इसलिए पटाखों के साथ-साथ ऐसी चीजों से बचने की आवश्यकता है, जो प्रदूषण फैलाने का काम करें। पराली को लेकर भी लोगों को गंभीरता दिखानी चाहिए, विशेषकर किसानों को। अच्छी बात यह है कि लोंगों में प्रदूषण के प्रति अब जागरूकता भी आ रही है और लोग इसमें अब सहयोग भी करने लगे हैं, लेकिन बेहतर हो कि इस तरह के फैसले समय पर लिए जाएं। जहां तक बात लोगों की है, जैसाकि हमने पहले ही कहा कि त्योहार के प्रति लोगों में जुनून स्वाभाविक है, लेकिन इस बार लोगों को थोड़ा इस पर अहतियात बरतने की भी आवश्यकता है। बेहतर यही है कि पटाखों को लेकर जो सरकार ने गाइडलाइन जारी की है, लोग उसका पालन करें। अब यह कोई मुश्किल काम भी नहीं है, क्योंकि हम अब इसके काफी अभ्यस्थ भी हो चले हैं और सबसे बड़ी बात हम एक-दूसरे की सहलूलियत का ख्याल रखें और अपनी तरफ से कोई भी ऐसा काम न करें, जिससे किसी का दिल दुखे। आखिर त्योहार हमें सीख तो यही देते हैं कि हम जहां तक भी संभव हो, ऐसा काम करें जिससे लोगों में प्यार, विश्वास, सौहार्द बने, यही सच्चे अर्थों में त्योहार मनाने की कला भी है और त्योहारों का असल मकसद भी यही है।

### जमीनी तैयारी तेज करें राज्य की इकाइयां



जमीनी तैयारी तेज करें और सर्वसमाज में पार्टी की जनाधार बढ़ाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें, देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, महिला असुरक्षा, जातिगत भेदभाव और भ्रष्टाचार ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है, सरकारों की संकीर्ण जातिवादी व राजनीतिक स्वार्थ की नीतियों से देश का स्वाभाविक विकास बाधित हुआ है, जब तक दलितों, पिछड़ों और अन्य बहुजन समाज के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक समानता और स्वतंत्रता संभव नहीं, बीएसपी का लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों को सत्ता की चाबी अपने हाथों में देकर सशक्त बनाना है।

**-मायावती, बसपा प्रमुख**

## बारूद नहीं, दीप जलाएं, हरित दीपोत्सव की ओर कदम बढ़ाएं



योगेश कुमार गोयल



दीवाली, उजालों का त्योहार, खुशियों का स्वागत! लेकिन जब यही जश्न हमारी सांसों को घुटन से भर दे और हमारे वातावरण को जहर बना दे, तब सवाल उठना लाजिमी है कि क्या हम सच में रोशनी फैला रहे हैं या अंधकार को और गहरा कर रहे हैं। भारत में सदियों से दीयों की झिलमिलाती रोशनी और हल्की आतिशबाजी के साथ दीपोत्सव मनाने की परंपरा रही है। यह पर्व अच्छाई की विजय, प्रकाश की महिमा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है परंतु पिछले कुछ दशकों में इसका स्वरूप इस कदर बदल गया है कि अब यह 'आतिशबाजी का युद्ध' प्रतीत होता है। वह उत्सव, जो कभी शांति और प्रकाश की अनुभूति देता था, आज शोर, धुएं और प्रदूषण का प्रतीक बन चुका है।

बारूद से लबालब पटाखों की चमक पलभर में न केवल जान-माल का खतरा पैदा करती है बल्कि वायु, ध्वनि और मिट्टी तीनों को गहराई से प्रदूषित करती है। इन पटाखों में बेरियम, सीसा, गंधक और कॉपर जैसे रासायनिक तत्व होते हैं, जो फूटने के बाद घंटों तक वातावरण में तैरते रहते हैं। बेरियम रेडियोधर्मी और विषैला होता है, कॉपर कैंसर का खतरा बढ़ाता है और गंधक श्वसन तंत्र को नष्ट करता है। सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें न केवल फेफड़ों और दिल पर असर डालती हैं बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित होती हैं।

ध्वनि प्रदूषण भी किसी हथियार से कम नहीं। कई जगहों पर पटाखों की आवाज 130 से 150 डेसीबल तक पहुंच जाती है, जो कानों की सीमा से कहीं ऊपर है। इसका सीधा असर नींद, तनाव, हृदय की गति और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। यह केवल मनुष्यों को नहीं बल्कि पशु-पक्षियों और पालतू जानवरों को भी भयभीत कर देता है। कई शोध बताते हैं कि पटाखों की तीव्र ध्वनि पशुओं की सुनने की क्षमता को स्थाई नुकसान पहुंचाती है। प्रदूषण के इस असर ने पुरुषों के प्रजनन स्वास्थ्य को भी प्रभावित किया है। विशेषज्ञों के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण शुक्राणुओं की संख्या में 40 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है।

जब हर दसवां भारतीय अस्थमा से जूझ रहा हो और हवा गर्भस्थ शिशु तक के लिए विष बन चुकी हो, तब एक रात की यह आतिशबाजी केवल असंवेदनशीलता का प्रतीक बन जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस गंभीर स्थिति पर हाल ही में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल दिल्ली या एनसीआर की समस्या नहीं बल्कि पूरे देश का दायित्व है। इस वर्ष केवल एनईईआरआई द्वारा प्रमाणित 'हरित पटाखों' की अनुमति दी गई है, जिनमें बेरियम, सीसा या आर्सेनिक जैसे जहरीले रसायन नहीं होंगे।

प्रत्येक पैकेट पर क्यूआर कोड अनिवार्य होगा ताकि नकली या विषैले पटाखों की बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही, अदालत ने दीवाली पर पटाखे चलाने के लिए एक निश्चित समय तय किया है। ऑनलाइन बिक्री को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है और आदेश उल्लंघन पर लाइसेंस रद्द करने व स्टॉक जब्त करने की चेता. वनी दी गई है। परंतु अदालत के आदेश तभी सार्थक होंगे, जब नागरिक अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाएं। पर्यावरण संरक्षण केवल कानून का नहीं, चेतना का विषय है। जब तक लोग स्वयं संवेदनशील नहीं होंगे, कोई भी नीति या न्यायालय पृथ्वी को नहीं बचा सकते। दीवाली की असली सुंदरता पटाखों के धमाकों में नहीं, दीयों की रोशनी में है, वह रोशनी, जो हमारे घर, मन और समाज को प्रकाशित करती है। आज यह पर्व, जो कभी स्वच्छता और सादगी का प्रतीक था, अब कचरे और धुएं में डूबता जा रहा है। यह कैसी दीवाली है, जो हमारी सांसें छीन लेती है?

अब समय है कि हम अपनी परंपराओं को आधुनिक विवेक से जोड़ें। यदि आतिशबाजी करनी ही है तो केवल हरित पटाखों का सीमित प्रयोग करें। अपने घरों और गलियों को दीयों की रोशनी से सजाएं, एक-एक पौधा लगाएं और बच्चों को सिखाएं कि असली उजाला वही है, जो जीवन को बचाए, न कि उसे धुएं में डुबो दे। दुनिया के कई देशों में त्योहारों के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी जुड़ी होती है। ऑस्ट्रेलिया में दिसंबर में एक उत्सव पर हर परिवार आतिशबाजी के साथ एक पौधा भी लगाता है, यह छोटी-सी परंपरा गहरे संदेश देती है। भारत भी ऐसा कर सकता है, जहां उत्सव और पर्यावरण का संतुलन साथ चले।

आज जब दिल्ली सहित देश के कई अन्य शहरों की हवा पहले से ही जहरीली हो चुकी है, हमें यह स्वीकार करना होगा कि एक रात का आनंद आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से बड़ा नहीं हो सकता। हमें अपने बच्चों को ऐसी दीवाली देनी है, जो सिर्फ आंखों को नहीं, दिलों को भी उजाला दे। दीवाली दीयों की हो, धमाकों की नहीं क्योंकि असली रोशनी वही है, जो प्रकाश के साथ करुणा और जिम्मेदारी का संदेश फैलाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## राम को तो रोज अपने घर लौटना चाहिए




श्रवण गर्ग

हमें एक ऐसी दीपावली की दरकार है जो साल भर अविराम चलती रहे। हमने अनुभव कर लिया है कि जिस रावण का विजयदशमी के दिन दहन होता है वह पूरे साल नष्ट नहीं होता। राम साल में सिर्फ एक बार ही हमारे जीवन की अयोध्या में लौटते हैं। हम पूरे साल रामकी प्रतीक्षा में रावण को जीते रहते हैं।

राम की प्रतीक्षा के दीपोत्सव में राष्ट्र अपनी साल भर की उदासी के उपवास को सामूहिक उल्लास के जरिए तोड़ता है ! समाज जैसेअपनी संपूर्ण देह और चेतना के साथ एक रात के लिए प्रार्थनाओं के एक घने जंगल में प्रवेश कर पेड़ों से जमीन पर पड़ कर सूख चुकेपत्तों पर दीप-नृत्य करते हुए शोर पैदा करता है।

अमावस्या का अंधकार जैसे-जैसे गहरा रहा है, हम उतने ही ज्यादा डरते हुए रोशनी और शोर में इजाफा करते जा रहे हैं। न तेज रोशनीआंखों को चुभ रही है और न चीखता हुआ क्रूर शोर कानों को भेद रहा है। रोशनी और शोर हमारी सामूहिक उदासी को तात्कालिक रूप से लील जाते हैं। त्योहार को मनाने का उत्साह जैसे साल भर की उदासी, एकाकीपन और रिक्तता से अस्थाई मुक्ति का अवसर प्रदान करता है, उसकी समाप्ति के बाद महसूस होने वाली थकान अपने को पीड़ाओं के पुराने जंगल में वापस लौटाने का भय होती है।

राम के रूप में एक नायक के वनवास से लौटने की उत्कंठा में हम वास्तव में अपने-अपने संघर्षों की कथाओं के किसी सुखद समापन की संभावनाएं तलाशते हैं। संघर्ष उन शक्तियों के खिलाफ जो हमारी सामूहिक चेतना को अवसाद की लंकाओं में परिवर्तित करते रहते हैं। इसीलिए हम राम को आदर्श और नायक दोनों ही रूपों में एकसाथ आत्मसात करना चाहते हैं। हम जब बखान करते हैं कि हमें अपनी अयोध्या में राम की प्रतीक्षा है तो स्वीकार नहीं करना चाहते कि हम कितने भयभीत हैं।



हम रामकी वापसी उनका वैभव उन्हें वापस सौंपने के लिए नहीं बल्कि अपने वैभव की रक्षा की कामना के लिए करना चाहते हैं। दीयों के तेजप्रकाश के बीच हमारे चमचमाते हुए चेहरे इतने भयातुर हैं कि अपने भगवान को अयोध्या की सीमाओं पर ही रोककर अपनी महत्वाकांक्षाओं के सारे वनवास उनके हवाले कर देना चाहते हैं। हकीकत यह है कि राम की अयोध्या वापसी के पर्व को हम अपनी जड़ों में वापस लौटने का संबल बनाना चाहते हैं। हम थक चुके हैं और बहुत सारी जगहों के वनवासों, लड़ाइयों से मुक्त होकर अपनी-अपनी अयोध्या में वापस लौटना चाहते हैं। हम डर रहे हैं कि उत्सव की समाप्ति के साथ ही हमें अपने अवसादों के बियाबानों में फिर वापस लौटना पड़ेगा। हमें एक ऐसी दीपावली की जरूरत है जो राम कीप्रतीक्षा में साल भर चलती रहे और हमारी आत्माओं में बसे हुए राम रोज अपने घर आते रहें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## जब इतिहास बोलता है, तो भविष्य सुनता है



वाहिद नसीम



कल्पना कीजिए एक ऐसा खेलक्षेत्र, जहां गेंद न केवल लकड़ी से टकराती है, बल्कि हड्डियां चूर-चूर कर देती है। 1970-80 के दशक में वेस्टइंडीज की कैरेबियन तूफान विवि रिचर्ड्स की आग, माइकल होल्डिंग की बिजली, मैल्कम मार्शल की बौछार ने विश्व को कांपाया। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत सभी डरे। सुनील गावस्कर ने कहा, उनके सामने बल्लेबाजी आत्महत्या है। 15 वर्ष अजेय! 47 टेस्ट जीत, सिर्फ 6 हार, लेकिन जब हारना मुश्किल हो गया, तो मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब वह गोरी नस्ल का संरक्षक क्रिकेटनियमों का इकलौता मालिक जो नियमों की चालाकी से खेल पलट देता है और दुनिया की अजय टीम हारने लगती है। यह क्रिकेट नहीं, उपनिवेशवाद का अदृश्य युद्ध था।

MCC ने 1980 के कोड में बदलाव किया। वेस्टइंडीज की जीत का रहस्य उनकी फास्ट बॉलिंग की आक्रामकता, बाउंसरों की बरसात, जो गोरे बल्लेबाजों की नींद उड़ा देती उसे अनफेयर घोषित कर दिया। अंडरआर्म बॉलिंग (ट्रेवर चौपल का विवाद) प्रतिबंधित, लेकिन असली निशाना वेस्टइंडीज की ओवरआर्म स्पीड भी थी। LBW नियम सरलीकृत, बैकफुट नो-बॉल सख्त सब गोरी टीमों के फायदे के लिए। जिस गेंद अंग्रेज स्विंग से मारते (जैसे बॉब विलिस), उसे कला कहा गया। वहीं वेस्टइंडीज की बाउंसर बमबारी को खेल-विरोधी करार दे दिया गया। नतीजा? 1991 तक वेस्टइंडीज राज समाप्त कर दिया गया। यानि जो खेल कर नहीं जीत सकते थे उन्हे MCC के नियमों ने जीत दिलाई। यह बाइमेनी की जीत थी गोरे उपनिवेशवादी, काले गुलामों को मैदान पर भी गुलाम बनाए रखने में सफल रहे। वेस्टइंडीज की टीम की इस टेक्निकल हत्या पर गुलामों का कोई स्वर बाहर नहीं आया।

### उपनिवेशवाद का ब्रह्मास्त्र नियमों का अदृश्य जाल

ऐसा सिर्फ, क्रिकेट खेल में नहीं बल्कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद आजादी का ढोंग में भी ब्रिटिश उपनिवेशवादी सोच के हिसाब से अदृश्य नियम गढ़े।

जैसे गुलामी के जमाने में पुलिस नियम थे ज्यादा तर वही आज भी हैं फौज नियम, शिक्षा नियम, यूनाइटेड नेशन नियम, मिलेनियम गोल, IMF नियम, SDGS नियम, वर्ल्ड बैंक नियम। पर्यावरण नियम। यानि हर नियम अपनी सुविधा और हमारी गुलामी को ध्यान में रक कर किसी को वेस्ट इंडीज बनने की दौड़ से बाहर ही रखा असल बात यह है कि हमारे ही खिलाफ बनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नियम हम उन्हें चेलेंज ही नहीं कर पाते या समझ ही नहीं पाते।

साउथ एशिया की अधिकतर मूर्ख जनता अनभिज्ञता पर भी खूब घमंड कर लेती है, क्योंकि सीमित सोच के अधीन कर दी गई जनता एक उपनि. वेश से निकल कर दूसरे उपनिवेश की और तो जा सकती है। आजादी की ओर हरगिज नहीं। अधिनायकवाद ही इनका मुकद्दर है।

## क्या कृत्रिम बुद्धि बता सकती है आपकी सेहत का भविष्य?

आमतौर पर किसी व्यक्ति को भविष्य में संभावित स्वास्थ्य सम्बंधी जोखिमों का अनुमान उसके स्वास्थ्य-सम्बंधी अतीत, वर्तमान जीवनशैली वगैरह के आधार पर लगाया जाता है। अब वैज्ञानिकों ने Delphi-2M नाम का एक नया एआई टूल तैयार किया है जो इस काम को ज्यादा विश्वसनीयता और सटीकता अंजाम दे सकता है। यह टूल कैंसर, त्वचा रोग और प्रतिरक्षा प्रणाली से जुड़ी गड़बड़ियों जैसी हजार से ज्यादा बीमारियों का खतरा भांप सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित यह खोज स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा परिवर्तन ला सकती है। अभी तक मौजूद एआई टूल्स केवल किसी एक बीमारी की संभावना बताते हैं, जैसे दिल की बीमारी या कैंसर।

पूरी तस्वीर पाने के लिए डॉक्टरों को कई मॉडल इस्तेमाल करने पड़ते हैं। लेकिन क्मसचीप-2ड एक ही जगह पर सभी बीमारियों की पूरी जानकारी दे देता है। यह टूल वैज्ञानिकों ने चौटजीपीटी जैसे चौटबॉट्स को चलाने वाले एक लार्ज लैंग्वेज मॉडल में परिवर्तन कर बनाया है। जहां लार्ज लैंग्वेज मॉडल वाक्य में अगले शब्द का अनुमान लगाता है, वहीं Delphi-2M इंसान के स्वास्थ्य पर आने वाला खतरों का अनुमान लगाता है। इसमें उम्र, लिंग, बॉडी मॉस इंडेक्स, धूम्रपान व शराब की आदतें, मेडिकल इतिहास और जीवनशैली जैसी जानकारियां डाली जाती हैं। इस टूल को यूके बायोबैंक के चार लाख लोगों के स्वास्थ्य डैटा से प्रशिक्षित किया गया है। इसके परीक्षण में पाया गया कि Delphi-2M के अनुमान एकल बीमारी वाले मौजूदा मॉडलों जितने ही सटीक हैं, बल्कि कई बार उनसे बेहतर भी निकले। यहां तक कि यह एक अन्य उन्नत एआई टूल से भी आगे निकल गया, जो खून में उपस्थित जैविक संकेतकों से बीमारियां पहचानता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ कई बीमारियों का अनुमान लगाने की क्षमता इसे काफी अनोखा बनाती है। यदि यह ब्रिटेन के बाहर अलग-अलग आबादी में भी सफल होता है तो यह डॉक्टरों को ज्यादा खतरे में रहने वाले मरीजों को पहले ही पहचानने में मदद करेगा। इससे समय पर बचाव, जीवनशैली में सुधार और व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजनाएं बनाना आसान हो जाएगा जो लाखों लोगों को गंभीर बीमारियों से बचा सकती हैं। लेकिन एक स्वाभाविक सा सवाल उठता है। भारत जैसे देश में, जहां बीमारी हो जाने के बाद भी इलाज नहीं मिलता, वहां 10 साल बाद की भविष्यवाणी व्यक्ति को चिंता के अलावा और क्या दे पाएगी?


**-स्रोत फीचर्स**














































## कार्यालय नगर पंचायत बहसूमा, जनपद मेरठ।

पत्रांक : 336/न.पं.ब./2025-26 दिनांक : 18.10.2025

### समस्त नगरवासियों व क्षेत्रवासियों को दीपावली, गोवर्धन, भैया दूज एवं गंगा स्नान के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं

1. आप अपने घरों में नीला व हरे रंग के कूड़ेदान रखें कोशिश करें कि हम कूड़ा वैज्ञानिक तरीके से वितरण निस्तारण सीखे जो कि अपने शहर को साफ-स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने की दिशा में कदम होगा। 2. हरे रंग के कूड़ेदान में प्रत्येक प्रकार का सड़ने गलने वाला कूड़ा डालना चाहिए। जैसे बची हुई खराब सब्जी, फल, फलों के छिलके, आटा पक्का हुआ तथा कच्चा खाना फूल पत्ती,चाय की पत्ती आदि। 3. नीले रंग के कूड़ेदान में प्रत्येक प्रकार का सूखा कूड़ा डालना चाहिए। जैसे पेपर, प्लास्टिक, पॉलिथिन, लोहा, बैट्री, कपड़ा, कंच, वायर आदि। 4. कृपया पृथक-पृथक कूड़ा अपने निकाय के सफाई कर्मचारी को दें। 5. जल ही जीवन है जल का दुरुपयोग न करें, टोटी खुली न छोड़ें। 6. खुले में शौच न करें तथा घर में शौचालय बनाकर उसका प्रयोग करें। नगर पंचायत बहसूमा द्वारा बनाए गए सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय का प्रयोग करें तथा उनको साफ रखने में नगर पंचायत का बहसूमा का सहयोग करें। 7. अपने आसपास अत्यधिक कचरा जमा न होने दें। 8. खराब पुराना कबाड़ घर में जमा न होने दें। 9. कूड़े को रास्ते, नाले, नालियों व सड़कों में न फेंके और न ही जलाये अपना समस्त कूड़ा नगर पंचायत बहसूमा के सफाई कर्मचारियों को दे दें। 10. घर के आस पास मलेरिया से बचाव हेतु पानी जमा न होने दें। 11. भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर ना डालें। 12. अपने पशुओं के गोबर को नालियों में न डालें। 13. पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह एक दण्डनीय अपराध है।



**(हरिनारायण सिंह)**
अधिशासी अधिकारी



**(सचिन कुमार सुक्कड़ी)**
चेयरमैन

सभासदगण:- 1. श्री मोनू कुमार, 2. श्रीमति पिंकी, 3. श्री चीनू, 4. श्रीमति मोनिका, 5. श्री विष्णु, 6. श्री अरुण, 7. श्रीमति फूलजहां, 8. वीरेन्द्र नागर, 9. दीपक कुमार, 10. श्रीमति बालेश, 11. श्री राजू राठी।

## कार्यालय नगर पंचायत किठौर, जनपद मेरठ।

पत्रांक : 311/3/न.पं.कि./अपील/2025-26 दिनांक : 18.10.2025

### -: दीपावली की हार्दिक शुभकामनाओं सहित अपील :-

**कस्बा किठौर के समस्त वासियों को नगर पंचायत किठौर के अधिशासी अधिकारी, अध्यक्षा महोदय, समस्त सभासदगण एवं समस्त स्टाफ की ओर से दीपाली की हार्दिक शुभकामनाएं।**

**जनता से अपील**

**1. पॉलीथीन हटाओ, किठौर बचाओ :-** (1) दैनिक प्रयोग से पॉलीथीन को दूर हटाएं। पॉलीथीन की जगह कपड़े के थैले को अपनाएं। (2) सामान खरीदते समय कपड़े का थैला साथ लेकर जाएं। (3) स्वयं पॉलीथीन का प्रयोग न करके अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें कि पॉलीथीन का प्रयोग न करें।

**2. स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26:-** (1) सड़कों पर कूड़ा व गंदगी न डालें। (2) नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी आने पर कूड़ा उसमें ही डालें। (3) नगर को साफ सुथरा बनाने में नगर पंचायत का सहयोग करें। (4) अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। (5) स्वच्छ भारत मिशन सर्वेक्षण 2025 में अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। (6) अधिक से अधिक संख्या में गूगल प्ले स्टोर से स्वच्छता ऐप डाउनलोड कर उसका उपयोग करें। (7) गीले-सूखे व हजार्डस कूड़े के लिए अलग-अलग (हरे, नीले व लाल रंग के) डस्टबीन का प्रयोग करें। हरे रंग का डस्टबीन गीले कूड़े के लिए, नीले रंग का डस्टबीन सूखे कूड़े के लिए तथा हजार्डस कूड़ा लाल रंग के लिए। (8) नगर पंचायत किठौर को ओ.डी.एफ.++ रीसर्टिफिकेशन कराने एवं जी.एफ.सी. 01 स्टार कराये जाने में सहयोग करें। (9) होम कम्पोस्टिंग सुनिश्चित करें।

**3. अन्य अपील:-** (1) पेयजल को व्यर्थ न बहाएं। (2) अपने समस्त करों का भुगतान समय से करें। (3) जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिवस के अन्तर्गत नगर पंचायत कार्यालय में कराएं।

**(गौरव चौधरी)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत किठौर (मेरठ)

**(नाविद चौहान)**
अध्यक्षा
नगर पंचायत किठौर (मेरठ)